


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 75 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 28 दिसंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...



### पीएम मोदी की मां हीरा बेन की तबीयत बिगड़ी, अहमदाबाद के अस्पताल में भर्ती

**अहमदाबाद( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन की तबीयत बिगड़ गई. इसके बाद उन्हें अहमदाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल ने बयान जारी कर बताया कि उनकी हालत स्थिर है। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी की मां हीरा बा की तबीयत मंगलवार को बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद से उनके परिवार के सभी लोग अस्पताल में मौजूद हैं। पीएम मोदी भी दोपहर बाद उन्हें देखने के लिए अहमदाबाद पहुंचे। वहीं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भी अस्पताल का दौरा की उनकी तबीयत का ब्योरा लिया।

### मोबाइल के लिए दोस्त का मर्डर, नाबालिग ने गला घोंटा और पत्थर से सिर कुचला

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में मोबाइल फोन के लिए एक नाबालिग ने अपने ही दोस्त की हत्या कर दी। आरोपी ने दोस्त के पास मोबाइल गिरवी रखा था। बस इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। बताया गया कि जिसकी हत्या हुई वह पैसे देने पर भी मोबाइल लौटाने राजी नहीं हुआ था। जिसके बाद आरोपी ने पहले तो उसका गला घोंटा। फिर पत्थर से सिर फोड़कर उसकी जान ले ली है। मामला भटगांव थाना क्षेत्र का है।

ईंट भट्ठा इलाके में रहने वाली एक महिला ने 18 दिसंबर को इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसका 14 साल का लड़का 15 दिसंबर से गायब है। काफी पड़ताल करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। इस पर पुलिस ने नाबालिग के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज किया था और मामले में जांच कर रही थी। इस बीच 25 दिसंबर को सूचना मिली कि बंद पड़े एसईसीएल खदान में लड़के की लाश मिली। शव का पोस्टमॉर्टम भी कराया गया था। इस पर पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया था। शुरुआत में तो उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। मगर बाद में उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

### गर्भ संस्कार महोत्सव को मिला गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान

**रायपुर।** मुख्यमंत्र भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष श्री चोवाराम वर्मा के नेतृत्व में बेमेतरा जिले के गायत्री परिवार के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री बघेल को वृहद गर्भ संस्कार महोत्सव के आयोजन के लिए मिले गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री बघेल ने परिवार के सदस्यों को इस पुरस्कार के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीत सत्र 2 जनवरी से, आरक्षण व नियमितिकरण पर हंगामे के आसार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र नए साल के दूसरे दिन से शुरू होगा। शीत सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। सत्र के पहले ही दिन भाजपा नियमितिकरण के मुद्दे पर स्थगन लाने की तैयारी में है। भाजपा की तरफ से विधानसभा को इसकी सूचना भेज दी गई है। इसके अलावा धान खरीदी में अव्यवस्था, लॉ एंड आर्डर, लोगों को पीएम आवास नहीं मिलने के मुद्दे पर भी पार्टी स्थगन ला सकती है।

नियमिति करण को लेकर भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस ने इन कर्मचारियों से नियमितिकरण का वादा किया था, लेकिन चार साल बाद भी इनका नियमितिकरण नहीं हो सका है। कर्मचारी लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन सरकार इन पर ध्यान नहीं दे रही है। इसी तरह कोविड के समय कई कर्मचारियों की मौत हो गई थी। उनके परिजन अनुकंपा नियुक्ति के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।




इसके अलावा शीत सत्र में आरक्षण का मुद्दा भी हंगामे का कारण बनेगा। इस मुद्दे को लेकर भी भाजपा और कांग्रेस के विधायक एक दूसरे को घेरने की कोशिश करेंगे और राज्यपाल द्वारा आरक्षण संशोधन विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं होने के लिए एक दूसरे को दोषी ठहराने की कोशिश करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तो पहले ही इसके लिए भाजपा को दोषी ठहराया है। उन्होंने तो राजभवन के अफसरों पर भी जमकर नाराजगी जताई है। अफसरों को भाजपा की कठपुतली तक करार दिया है।

### एक जनवरी को विधायक दल की बैठक

शीत सत्र 2 जनवरी से शुरू हो रहा है। ऐसे में भाजपा विधायक दल की बैठक एक जनवरी को बुलाया जा सकता है। चुनावी साल का पहला सत्र 5 दिन का है। ऐसे में भाजपा हर दिन स्थगन लाने का निर्णय ले सकती है। बताया जा रहा है कि सत्र के पहले दिन कर्मचारियों के नियमितिकरण के मुद्दे पर पार्टी स्थगन लाएगी।

## आरक्षण पर सीएम भूपेश बघेल का बड़ा बयान......

# राज्यपाल नहीं चाहती छत्तीसगढ़ में लागू हो आरक्षण, राजभवन के रास्ते भाजपा का खेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। आरक्षण विधेयक को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार व राजभवन में तकरार बढ़ती ही जा रही है। विधानसभा में बिल पारित होने के बाद राजभवन में यह बिल अटका हुआ है। इसे लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व राज्यपाल अनुसुइया उइके में तन गई है। लगातार मीडिया में बयान बाजी हो रही है। एक ओर जहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश की जनता के हित में आरक्षण को लागू करने की बात कह रहे हैं। राज्यपाल के रवैय्ये की आलोचना करते हुए सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में राज्यपाल आरक्षण लागू ही नहीं करना चाहती।





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को बेमेतरा भेंट-मुलाकात में जाने से पहले रायपुर में मीडिया से चर्चा के दौरान भाजपा व राज्यपाल पर जमकर निशाना साधा। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि राज्यपाल की मंशा ही नहीं है कि छत्तीसगढ़ में आरक्षण लागू हो। राज्यपाल पूरी तरह से भाजपा के इशारों पर काम कर रही है। भाजपा के पास सत्ता नहीं है तो वे राजभवन के रास्ते सरकार के कामकाज को प्रभावित करने का प्रयास कर हैं। स्वयं राज्यपाल प्रदेश की जनता का हित छोड़कर भाजपा के दबाव में आरक्षण विधेयक को नहीं लौटा रही हैं।

### सवालों के जवाब दिए फिर भी क्यों हो रही है देर

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सवाल उठाया कि हमने छत्तीसगढ़ में आबादी के अनुसार आरक्षण किया है। हमारे पास पूरा डाटा मौजूद है और इसकी जानकारी भी राज्यपाल को दे दी गई है। राज्यपाल महोदया ने 10 सवाल पूछे तो हमने उन सवालों का जवाब भी दे दिया फिर क्या कारण है कि आरक्षण विधेयक को राष्ट्रपति के पास नहीं भेज रही हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेले ने कहा कि दरअसल राज्यपाल जवाब से संतुष्ठ नहीं है। वे फिर सवाल करेंगी और हम फिर जवाब देंगी। आखिर राज्यपाल बताएं कि जवाब मिलने के बाद भी क्यों विधेयक को रोके रखा है।

### तीन विकल्प हैं राज्यपाल के पास, खुद करें फैसला


मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आरक्षण बिल को लेकर राज्यपाल के पास तीन विकल्प हैं। एक तो वे बिल पर हस्ताक्ष्रर कर वापस करें। दूसरा बिल को राष्ट्रपति के पास भेजे और तीसरा अपने पास ही रखे। राज्यपाल इस समय तीसरे विकल्प पर काम कर रही है। वे इस बिल को अपने पास तब तक रखेंगी जब तक कि छत्तीसगढ़ में वह राज्यपाल रहेंगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस दौरान केन्द्र सरकार भी हमला किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार बिना किसी डाटा के आरक्षण कर देती है और कोई कुछ नहीं कहता और पूरे डाटा रिकार्ड के साथ आरक्षण कर रहे हैं तो राज्यपाल इसे पास नहीं होने दे रहीं। अब राज्यपाल को इस संबंध में खुद ही निर्णय लेना है।

### कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस की दी बधाई

इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रदेश के कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को बधाई भी दी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि महात्मागांधी, जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल जैसे महान नेताओं द्वारा स्थापित पार्टी है जिसने हमेशा से ही जनहित व राष्ट्रनिर्माण में अपनी भागीदारी निभाई है।

# कश्मीर को दहलाने साजिश नाकाम, चार आतंकी ढेर

### भारी मात्रा में हथियार बरामद, ऑपरेशन ऑल आउट के तहत मिलरी कामयाबी



**जम्मू ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर में बीते महीने से आतंकियों का सफाया करने के लिए सुरक्षाबलों के द्वारा 'ऑपरेशन ऑल आउट' चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जम्मू शहर के बाहरी इलाके सिधरा में आतंकियों और सुरक्षाबल में मुठभेड़ हुई। जिसमें सेना ने चार आतंकियों को मार गिराया है। आतंकियों के साथ इस एनकाउंटर को लेकर जानकारी आ रही है कि मारे गये आतंकी कश्मीर में किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की तैयारी में थे। एनकाउंटर के दौरान जिस ट्रक में आतंकी आये थे उसमें भारी मात्रा में गोला बारूद और हथियार बरामद हुए हैं।

बता दें नए साल के जश्न और फिर 26 जनवरी को लेकर सेना अलर्ट मोड पर है। इस दौरान किसी भी तरह की आतंकी घटना घटित ना हो इसके लिए चप्पे चप्पे पर सेना के जांबाज सिपाही मुश्तैद हैं। और 'ऑपरेशन ऑल आउट' के तहत आतंकियों को ढूंढ ढूंढ कर मौत के घाट उतारा जा रहा है।

ट्रक में छिपे थे आतंकी

सेना और आतंकियों के बीच बुधवार को हुए एनकाउंटर को लेकर एडीजीपी जम्मू मुकेश सिंह ने बताया कि इलाके में कुछ आतंकियों के छिपे होने की खबर थी, जिसके बाद चार आतंकियों को मार गिराया गया। उन्होंने बताया कि जब गोलीबारी हुई उस दौरान आतंकवादी एक ट्रक में थे. दोनों ओर से गोलीबारी सुबह 8 बजकर 35 मिनट पर पूरी तरह से रुक गई। जिसके बाद मारे गए आतंकवादी का शव बरामद किए गए।

उन्होंने आगे बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के पहले सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी। इस बीच इलाके में बुधवार की सुबह एक संदिग्ध ट्रक दिखाई पड़ा। उन्होंने कहा कि आम तौर पर ट्रक की मूवमेंट 12 बजे रात के बाद होती है, लेकिन जब इस ट्रक को सुबह देखा गया तो शक हुआ और ट्रक को रोक कर ड्राइवर को नीचे बुलाया गया।ड्राईवर ट्रक से उतर कर तो आया, लेकिन उसने टॉयलेट जाने का बहाना भाग निकला। ट्रक की चेकिंग के दौरान फायरिंग होने लगी तो सुरक्षाबलों ने इसका जवाब दिया। आतंकियों के पास काफी हथियार थे।

# दिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की सुरक्षा में हुई चूक

### कांग्रेस ने गृह मंत्रालय को लिखी चिट्ठी

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में सुरक्षा की चूक का आरोप लगाया है। इसे लेकर कांग्रेस महासचिव ने गृह मंत्रालय को पत्र भी लिखा है। इसमें उन्होंने दिल्ली में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल की सुरक्षा में चूक की बात कही है। कांग्रेस का दावा है कि दिल्ली पुलिस राहुल की सुरक्षा के मुद्दे में पूरे तरह से विफल रही है।

कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि जैसे ही यात्रा 24 दिसंबर को दिल्ली पहुंची। उसके बाद कई बार राहुल गांधी की सुरक्षा में सेंध लगी और दिल्ली पुलिस भीड़ को काबू करने और उनके चारों ओर के सुरक्षा के घेरे को मेंटेन करने में असफल रही। राहुल गांधी को जेड प्लस सिक्योरिटी मिली है। केसी वेणुगोपाल ने शिकायत में कहा कि इसके बाद स्थिति काफी बिगड़ गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और भारत यात्रा



में शामिल यात्रियों को सुरक्षा का घेरा बनाना पड़ा।

केसी वेणुगोपाल ने चिट्ठी में लिखा, दिल्ली पुलिस मूकदर्शक बनी रही और भीड़ को रोकने में नाकाम रही। इसके अलावा इंटेलिजेंस ब्यूरो का इस्तेमाल उन लोगों को डराने धमकाने में किया जा रहा है जो राहुल गांधी से मिल रहे हैं। आईबी उनसे लगातार पूछताछ कर रही है। केसी वेणुगोपाल ने राजीव गांधी और इंदिरा गांधी की हत्या का हवाला देते हुए केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने दो नेता खोए हैं और ऐसे में उनकी मांग है कि राहुल गांधी की सुरक्षा पर राजनीति ना हो।

# बीएसपी की जमीन पर धूल खा रही महिन्द्रा वाहनों को प्रबंधन ने किया रिलीज, एक माह पहले किया था सील

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** महिन्द्रा शोरूम सुपेला की 90 गाड़ियों को बीएसपी की जमीन पर डंप किया गया था। लंबे समय से बीएसपी की जमीन को महिन्द्र शोरूम ने अपना गोदाम बना रखा था। करीब एक माह पहले बीएसपी इंफोर्समेंट डिपार्टमेंट ने उक्त जगह हो सील कर दिया था।

इसके बाद लंबी कानून लड़ाई के बाद आज प्रबंधन ने महिन्द्रा शोरूम की सभी गाड़ियों को रिलीज कर दिया। दरअसल बीएसपी की सीलिंग को महिन्द्रा शोरूम प्रबंधन ने चुनौती दी थी जिसका निर्णय उनके पक्ष में आया और उन्हें वाहन वापस दिए गए।



मिली जानकारी के अनुसार बीएम शाह हॉस्पिटल के पीछे बीएसपी का बड़ा लैंड है। यहां पर पिछले कई माह से महिन्द्रा शोरूम की गाड़ियों को डंप कर रखा गया था। शोरूम प्रबंधन द्वारा बीएसपी की जमीन को अपना गोदाम बना रखा था। इसकी शिकायत मिलने पर बीएसपी ने 30 नवंबर को इस गोदाम को सील कर दिया था। गोदाम सील करने ने महिन्द्रा कंपनी की 90 गाड़ियां वहां फंस गई। इन वाहनों को निकालने के लिए महिन्द्रा जिला न्यायालय की शरण में गया। जिला न्यायालय ने उन्हें बीएसपी की इस्टेट कोर्ट में अपील करने कहा। इसके बाद बीएसपी की इस्टेट कोर्ट में अपील की गई जहां से इन वाहनों को रिलीज करने का आदेश दिया गया।

### किराए में ले रखी थी बीएसपी की जमीन

बताया जा रहा है कि महिन्द्रा ने उक्त जमीन को किसी बसीर खान नाम के व्यक्ति से किराए में ले रखा था। बसीर खान ने बीएसपी की जमीन कब्जाई और महिन्द्रा को किराए में दे दिया। बीएसपी इस्टेट कोर्ट में महिन्द्रा की ओर से कहा गया कि हमनें उक्त गोदाम किराए पर ले रखा था जिसका हर माह किराया भी पटाते थे। महिन्द्रा की दलील पर बीएसपी इस्टेट कोर्ट ने भी माना की वे पार्टी नहीं हैं। कोर्ट के निर्देश के बाद महिन्द्रा की सभी गाड़ियों को रिलीज करने का निर्देश दिया गया। इसी कड़ी में बीएसपी द्वारा महिन्द्रा की गाड़ियों को रिलीज किया गया।

# 12वीं से हटाई एक भाषा, यह भी करे सरकार

श्रीकंचनपथ




छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 12वीं बोर्ड की परीक्षा से भाषा का एक पर्चा हटा लिया है। अब विद्यार्थी को केवल एक ही मुख्य भाषा की परीक्षा देनी होगी। दूसरे पर्चे के स्थान पर 10 व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। इसका एक फायदा यह होगा कि विद्यार्थी को 12वीं पास करने के बाद विषय चुनने के लिए मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी. उसे एक दिशा 12वीं कक्षा में ही मिल जाएगी। दूसरा बड़ा फायदा यह होगा एक अनावश्यक विषय से वह बच जाएगा। वैसे भी भाषा की कक्षा में बैठता कौन है? इंग्लिश मीडियम वाला इंग्लिश और हिन्दी माध्यम वाला हिन्दी को ही मुख्य भाषा के रूप में चुनता है। वैसे वह चाहे तो हिंदी, इंग्लिश, संस्कृत, मराठी, उर्दू, पंजाबी, सिंधी, बंगाली, गुजराती, तेलुगू, तमिल, मलयालम और उड़िया में से किसी भी एक अन्य विषय का चयन वैकल्पिक भाषा के रूप में चुन सकता है। इसके अंक नहीं जुड़ेंगे, सरकार के इस कदम का स्वागत करना चाहिए पर यह काफी नहीं है। भाषा एक फालतू विषय बन कर रह गई है। भाषा विषय को यदि उपयोगी और व्यवहारिक बनाना हो तो सबसे पहले उसमें से व्याकरण को निकाल कर फेंक देना चाहिए। व्याकरण की जितनी पढ़ाई आठवीं कक्षा तक होती है, वह काफी होती है। इसके बाद विद्यार्थियों को साहित्य के अध्ययन और लेखन के लिए प्रेरित करना चाहिए. पिछले कुछ दशकों में भाषा शिक्षा एक ऐसे मुकाम पर पहुंच चुकी है जहां से लौटने या बाहर निकलने का रास्ता नजर नहीं आता। अधिकांश विद्यार्थी तीर-तुक्का मारकर पासिंग मार्क्स ले आते हैं। भाषा में वस्तुनिष्ठ प्रश्न उन्हें यह मौका देते हैं। नतीजा यह है कि पहले जहां मैट्रिक पास लोग साहित्यकार बन जाते थे वहीं अब पोस्ट ग्रेजुएट ढंग से एक निबंध नहीं लिख पाते। वजह साफहै, 95 प्रतिशत बच्चे अंग्रेजी की किताब में दी गई कहानियों को नहीं पढ़ते। उन्हें पता होता है कि ग्रामर में तुक्का मारकर, निबंध और पत्र लिखकर वे पास हो जाएंगे। भाषा की चर्चा किए बिना भाषा में महारत हासिल नहीं की जा सकती, इसे शिक्षाविदों को समझना होगा. इसमें सुनने और पढ़ने का बड़ा महत्व होता है। मातृभाषा शायद ही कोई गलत बोलता होगा जबकि उसकी कोई पढ़ाई उसने नहीं की होती. वह सुनकर सीखता है और सही सिखता है। उसकी भाषा जीवंत होती है. अच्छा वक्ता हो सकता है, अच्छा लेखक हो सकता है. इनमें से जो भी विद्यार्थी आगे जाकर शिक्षक, व्याख्याता या प्राध्यापक बनेंगे, यह विधा उनके बहुत काम आएगी। अभी हाल यह है कि 12+3=15 साल तक व्याकरण पढ़ने के बाद भी उनकी भाषा में न तो लोकोक्तियां हैं और न ही मुहावरे। उसकी भाषा अशुद्ध है, वर्तनी की अशुद्धियां कचोट जाती हैं। प्रश्न पत्र का ढांचा भी बदला जाए जिसके लिए विद्यार्थी को अनिवार्य रूप से पाठ्यपुस्तक पढ़ना पड़े। तब तो भाषा की सेवा हो जाएगी, अन्यथा भाषा को अलविदा कहने की नौबत आ जाएगी।



## संपादकीय

# राज्य सीमा विवाद

महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है, इससे न केवल राजनीतिक खींचतान, बल्कि स्थानीय लोगों में चिंता भी बढ़ रही है। कर्नाटक विधानसभा ने गुरुवार को एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें सीमा विवाद पर समझौता नहीं करने का संकल्प लिया गया है। अब इसके जवाब में महाराष्ट्र विधानसभा ने भी एक प्रस्ताव पारित किया है, ताकि विवादित क्षेत्रों को जल्दी से जल्दी महाराष्ट्र में शामिल किया जा सके। महाराष्ट्र की राजनीति में भावनाएं ज्वार पर हैं। राज्य विधानसभा में सोमवार को कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा विवाद के प्रस्ताव को लेकर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे थे, क्योंकि सत्तारूढ़ बालासाहेबंची शिवसेना (बीएसएस) और भारतीय जनता पार्टी इस मामले में एकमत नहीं थे। बीएसएस ने शुक्रवार को ही कह दिया था कि वह विधानसभा में प्रस्ताव लाएगी। खैर, महाराष्ट्र में अब भाजपा के लिए यह मजबूरी है कि वह बीएसएस के साथ गठबंधन में रहे। समस्या यह भी है कि शिवसेना में विभाजन के बाद पहली बार उद्धव ठाकरे ने बीएसएस का किसी मुद्दे पर समर्थन किया है। उद्धव के इस समर्थन का राजनीतिक महत्व समझा जा सकता है। यह प्रस्ताव भविष्य में भाजपा और बीएसएस की दूरी बढ़ा सकता है। इस पूरे विवाद में भाजपा के लिए मुसीबत बढ़ना तय लगता है। महाराष्ट्र को खुश करने की कोशिश में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मुश्किल हो जाएगी, जहां भाजपा सत्ता में है और अगर कर्नाटक को खुश किया, तो महाराष्ट्र में न केवल लोग नाराज होंगे, सरकार गिरने की भी नौबत आ जाएगी। शिवसेना के दोनों गुटों का कर्नाटक में वजूद नहीं है, लेकिन भाजपा के लिए कर्नाटक का बहुत महत्व है। भाजपा कर्नाटक में भी दबाव में थी, इसलिए उसने गुरुवार को प्रस्ताव पारित कर दिया। अब जवाब में महाराष्ट्र में जो प्रस्ताव पारित हुआ है, उसमें भी भाजपा भागीदार है। यह एक ऐसा विवाद हो गया है, जिसे सुलझाने के लिए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को आगे आना होगा। विवादित भूमि किसी के भी पक्ष में जाए, नुकसान भाजपा को होना तय है। अक्सर दावा किया जाता है कि डबल इंजन की सरकार ज्यादा अच्छी होती है। कर्नाटक और महाराष्ट्र, दोनों जगह भाजपा सरकार में है, तो इससे फायदे की उम्मीद दोनों राज्यों में लोगों को जरूर होगी। यह दूसरी पार्टियों के लिए सियासी अनुकूलता का समय है, जबकि भाजपा के लिए प्रतिकूलता का। नुकसान से बचने के लिए भाजपा को कर्नाटक में भी सचेत रहना होगा और महाराष्ट्र में भी। ध्यान रहे, कर्नाटक राज्य महाराष्ट्र की सीमा में स्थित 40 गांवों पर दावा कर रहा है, तो महाराष्ट्र को कर्नाटक से 865 मराठीभाषी गांव चाहिए। यह विवाद सुप्रीम कोर्ट में भी जा चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे केंद्रशासित प्रदेश बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन इस पर आगे का काम नहीं हुआ, क्योंकि इसके लिए दोनों राज्य सहमत नहीं हुए। ऐसे मामले अदालतों में नहीं, सियासी मैदान में संवाद से सुलझें, तभी स्थायी समाधान निकल सकता है। देश में ऐसे अनेक इलाके हैं, जहां इसी तरह की चर्चा होती रहती है, लेकिन विवाद नहीं खड़े किए जाते हैं। महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच भी यह विवाद खड़ा नहीं होना चाहिए, लेकिन कर्नाटक में मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, दोनों ही इस मुद्दे पर आक्रामक लग रहे हैं। मामला और बिगड़े, उससे पहले केंद्रीय सियासी नेतृत्व और न्यायपालिका को सक्रिय हो जाना चाहिए।

> विवादित भूमि किसी के भी पक्ष में जाए, नुकसान भाजपा को होना तय है। अक्सर दावा किया जाता है कि डबल इंजन की सरकार ज्यादा अच्छी होती है। कर्नाटक और महाराष्ट्र, दोनों जगह भाजपा सरकार में है, तो इससे फायदे की उम्मीद दोनों राज्यों में लोगों को जरूर होगी।

## मायाजाल में फंसा मनुष्य

मानव-मन किसी प्रयोगशाला से कम नहीं होता। उसके साधन अपार हैं, यंत्र-तंत्र और मंत्र का दौर चलता रहता है। अपनी सुविधा के लिए भांति-भांति के साधन जुटाना यंत्र है, उसकी व्यवस्था का विज्ञान तंत्र है और अनंत इच्छाओं का चक्रव्यूह मंत्र है, जिसे हमारा मन बार-बार दोहराता रहता है। सरल रूप में इसे कहें, तो शब्दों का दोहराव ही मंत्र है। मन समुद्र की तरह होता है, जिसमें इच्छाएं लहरों की तरह नृत्यशील होती रहती हैं। चंद्रमा की तरह घटता-बढ़ता यह मन कभी हमें सकारात्मक, तो कभी नकारात्मक भावों से भर देता है। इसमें कल्पना का भी बड़ा हाथ होता है। हम मनुष्यों की एक बुरी आदत यह भी है कि हम सोचते बहुत हैं। तभी तो पाश्चात्य दार्शनिकों के मत सामने आए कि 'हम हैं, इसलिए सोचते हैं' तथा 'हम सोचते हैं, इसलिए हैं। भारतीय विचारकों ने मन की बड़ी खोज-खबर ली है। हमारे शास्त्रों में मन के दस लक्षण गिनाए गए हैं। गीता में भी चार लक्षणों की चर्चा है, जिसमें उसे चंचल और दृढ़, दोनों बताया गया है। यह भी कहा गया है कि इंद्रियां मन के तेज को हर लेती हैं। शंकराचार्य भी मन के संकल्प-विकल्प की व्याख्या करते हैं। वैदिक चिंतन में इसे संकल्प प्रधान मानकर कहा गया है, तन्मे मन शिवसंकल्पमस्तु। ऐसा नहीं होने पर मन हमें भटकाता है और निरर्थक भ्रमजाल में उलझा देता है।

लोक में एक मशहूर कथा है कि गंगा नदी के किनारे बसे एक शहर में चार चोरों ने मिलकर विचार किया कि अमावस्या की रात में एक बड़ी नाव चुराई जाए और रात भर नाव चलाकर पटना शहर पहुंचा जाए। पूरा कार्यक्रम तय हो गया। आधी रात होने से पहले ही चारों चोर नदी के घाट पर तय जगह पहुंच गए। दिन में ही आकर उन्होंने देख लिया था कि कौन सी बड़ी नाव चुरानी है। वे जल्दी-जल्दी छिपते-छिपाते हुए नाव पर बैठ गए और नाव खेते हुए निकल चले। रात के गहरे अंधकार में सिर्फ लहरों और चप्पुओं की आवाज आ रही थी। थोड़ी देर बाद अचानक हवा तेज हो गई, तो चोर भी सावधान होकर चप्पू चलाने लगे। जब उन्हें लगा कि वे काफी दूर चले आए, तो उनका भय थोड़ा कम हुआ और मन निश्चिंत हो गया। कुछ घंटों के बाद एक मित्र बोला, 'अब कुछ ही देर में सुबह हो जाएगी। दूसरा बोला, 'अब हमें पटना शहर के बड़े-बड़े मकान दिखाई दे रहे हैं। तीसरा बोला, 'सभी शहर एक ही तरह से बसे होते हैं, यह शहर भी हमारे शहर की ही तरह तो है। तभी चौथा चोर चिल्लाकर बोला, 'सुनो भाइयो, हम जहां से चले थे, वहीं हैं। हम रात भर चप्पू तो चलाते रहे, लेकिन नाव का लंगर तो किनारे ही बंधा रह गया।

**महेंद्र मधुकर**

## हिन्दी की वेदी पर

हिन्दी साहित्य सम्मेलन का अधिवेशन यों तो सदा ही हिन्दीभाषियों के लिए महत्व की बात है, किन्तु इस बार उसका विशेष महत्व है। स्वातंर्त्य प्राप्ति के बाद स्वभाषा का प्रश्न विशेष रूप से हमारे सामने उपस्थित है। अंग्रेजी का मोह अभी भी छूटा नहीं है। आज की हालत में उसका महत्व भी है। परन्तु यह निश्चित है कि वह हमारे देश की राष्ट्रभाषा और राजभाषा नहीं हो सकती। तब कौन भाषा इस स्थान को ले? यह विचारणीय है और सब दृष्टि से विचार करने पर देवनागरी लिपि वाली हिन्दी ही इस स्थान की स्वाभाविक अधिकारिणी मालूम पड़ती है। हिन्दी साहित्य सम्मेलन की इसीलिए आज बड़ी जिम्मेदारी है कि वह इस प्रकार अपना कार्य करे जिससे हिन्दी के इस अधिकार को वह सब पर बिठा सके। हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने बराबर हिन्दी का प्रतिपादन किया है और उसे इसमें देश के नेताओं का समर्थन भी मिला है, यहां तक कि महात्मा गांधी भी उसका सभापतित्व और हिन्दी के राष्ट्रभाषा होने का प्रतिपादन कर चुके हैं। राजनैतिक अथवा साम्प्रदायिक कारणों से महात्मा गांधी ने अब चाहे नागरी और उर्दू दोनों लिपियों में लिखी जाने वाली हिन्दुस्तानी का प्रतिपादन आरम्भ कर दिया है, परन्तु उनकी कल्पना में भी देवनागरी लिपि बहिष्कृत नहीं है और हिन्दुस्तानी का उनका मतलब निरी उर्दू नहीं बल्कि ऐसी आसान भाषा है जिसे हिन्दी से बहुत भिन्न नहीं होना चाहिए।

> साल 2022 में महिलाओं के सशक्तिकरण के कई कदम उठाए गए। तमाम घटनाओं के बीच अनुसूचित जनजाति की द्रौपदी मुर्मू का भारत की राष्ट्रपति बनना हमेशा याद रहेगा।

# अब बेटियों को चाहिए तेज बदलाव

अनिता जैन भटनागर, पूर्व आईएएस



वर्ष 2022 समापन पर है। बीतते वर्ष में कुछ मुख्य मुद्दों की प्रगति के आकलन का यह उपयुक्त समय है। साल 2022 में महिलाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र का विषय था, 'एक स्थायी कल के लिए आज लैंगिक समानता'। इस व्यापक सोच के पीछे जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन और प्रतिक्रिया में महिलाओं के प्रमुख योगदान की महत्ता है। मतलब पृथ्वी का सुरक्षित भविष्य महिलाओं के बिना संभव नहीं है। यह बात बिल्कुल सही है, क्योंकि विश्व की 49.5 प्रतिशत और भारत की 48.3 प्रतिशत आबादी महिलाओं की है। भारत में 66.3 प्रतिशत महिलाएं 15 से 64 वर्ष के बीच की हैं, यह उनका सर्वाधिक उपयोगी वर्ग है।

इस साल यह जानकर महिलाओं को बहुत प्रसन्नता हुई कि बीसीसीआई द्वारा निर्णय लिया गया है, महिला क्रिकेटरों को पुरुष खिलाड़ियों के अनुरूप बराबर मैच फीस मिलेगी। समाचारपत्रों में इस सूचना के साथ उसी पन्ने पर यह भी खबर छपी थी कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एक राज्य सरकार को नोटिस दिया है, क्योंकि इस राज्य में कुछ जाति पंचायतों ने विवाद सुलझाने के नाम पर लड़कियों को बेचने और बलात्कार तक की मंजूरी दी है। यह पढ़कर ही रोंगटे खड़े हो गए थे कि हम किस युग में रह रहे हैं?

महिलाओं की वास्तविक स्थिति काफी जटिल है। उनके साथ होने वाली घरेलू हिंसा के आंकड़े दुखद कहानी बयान करते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, 53.44 प्रतिशत विवाहित महिलाएं विभिन्न प्रकार की घरेलू हिंसा की शिकार हुई हैं। हमारी पुरुष प्रधान सामाजिक व्यवस्था में अच्छी महिला वह है, जो पति की हर आज्ञा का पालन करे। पुरुष ही नहीं, कई महिलाएं भी आज्ञा की पालना न होने पर घरेलू हिंसा को सही मानती हैं। सर्वेक्षण के आंकड़े इस बात की भी पुष्टि करते हैं कि जहां पति-पत्नी का शैक्षिक स्तर अच्छा है, वहां घरेलू हिंसा की घटनाओं में कमी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, प्रत्येक घंटे एक महिला की दहेज हिंसा के कारण मृत्यु होती है और दो का बलात्कार होता है। एक अन्य तथ्य यह भी है कि ज्यादातर बलात्कार दर्ज नहीं हो पाते हैं।

इस वर्ष निर्भया के वीभत्स हत्याकांड के 10 वर्ष पूरे हुए। इस घटना के फलस्वरूप केंद्र सरकार ने कई नियमों में सकारात्मक बदलाव किए थे। यह सवाल फिर उठा कि वास्तविक स्थिति में अब तक कितना सुधार आया है? प्रोत्साहन स्वयंसेवी संस्था ने यह पाया कि पोस्को ऐक्ट के तहत 2014 से दायर 70 प्रतिशत मामले अभी भी निर्णय के लिए लंबित हैं। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या रिपोर्ट के अनुसार, यह अनुमानित है कि भारत में बेटे को वरीयता देने की सोच के चलते 460 लाख बालिकाओं का जन्म ही नहीं हुआ। भारत में महिला-पुरुष लिंग अनुपात नौ राज्यों में प्रत्येक हजार पुरुष पर 900 महिलाओं से भी कम है।

इन तथ्यों-आंकड़ों का तात्पर्य यह कदापि नहीं है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए वर्ष 2022 में कदम नहीं उठाए गए हैं। अनुसूचित जनजाति की द्रौपदी मुर्मू भारत की राष्ट्रपति बनीं, जो अविस्मरणीय उपलब्धि है। पी टी उषा भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन की प्रथम महिला अध्यक्ष बनीं। सीएसआईआर की महानिदेशक पहली बार महिला डॉक्टर एन कलाइसेल्वी नियुक्त हुईं। भारतीय नौसेना में ऐतिहासिक निर्णय हुआ कि अब महिलाएं उनकी विभिन्न सेवाओं में शामिल की जा सकती हैं। स्त्रियां मरीन कमांडो भी बन सकती हैं। महिलाओं की सेना में कुछ सामान्य पदों पर भर्ती की शुरुआत 1992 में ही हुई थी, परंतु 30 वर्ष की इस कठिन यात्रा में नौसेना द्वारा अब लिए गए निर्णय का दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। साल 2022 ने एक प्रकार से इस मनोवैज्ञानिक भ्रांति को दूर किया है कि महिलाएं निम्न स्तर की सेनानी हैं।

आज जन-धन योजना के तहत 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं, जिनमें से 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में हैं। मुंबई में महिलाएं टैक्सी चला रही हैं और सामान की डिलीवरी भी कर रही हैं। बदलाव और उपलब्धियों की सूची लंबी है। अभी दिसंबर माह में भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफएआई अंतरराष्ट्रीय ट्रॉफी जीती, परंतु इस उपलब्धि को समाचारों और जन-सामान्य में वांछित प्रमुखता नहीं मिली। ऐसा क्यों? सरकार द्वारा महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए अनगिनत योजनाएं चलाई जा रही हैं, पर प्रगति आवश्यकता के अनुरूप नहीं है।

मुख्य समस्या जेंडर आधारित सोच है। महिलाओं के काम को महत्व देने की जरूरत है, पर कई जगह उनके कार्यों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। इस सोच को बदलना पहली जरूरत है। इससे महिलाओं के विरुद्ध विभिन्न प्रकार के अपराधों में कमी आएगी और उनके सशक्तिकरण के नए आयाम स्थापित होंगे। कानून से पर्याप्त मदद महिलाओं को मिल रही है और मिलेगी, लेकिन सोच बदलकर बाल्य-काल से ही नई पीढ़ी की सोच को बदला जा सकता है। परिवार से ही बराबरी की शुरुआत होनी चाहिए। लड़कियों को पर्याप्त शिक्षा मिले और घरेलू कार्य में केवल लड़कियों को ही न उलझाया जाए। बेटियों को सम्मान मिले। घर के अंदर उनके साथ किसी प्रकार की हिंसा न हो। लड़कियों को पर्याप्त हक और आर्थिक आजादी मिले, तो इससे निश्चय ही प्रदेश-देश का माहौल बदलेगा। जरूरी है कि महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में दिखें, आगे बढ़कर अपने हिसाब से खुद को मजबूत करें। समाज में महिलाओं की सहमति को महत्वपूर्ण माना जाए, लड़कियों को खेलों में बढ़ावा दिया जाए, सार्वजनिक स्थलों को सुरक्षित बनाया जाए, थानों में और अधिक महिला डेस्क बनाई जाए आदि। आने वाले वर्ष में शिक्षक, पुलिस, प्रशासन, निर्वाचित प्रतिनिधि और न्यायपालिका को महिलाओं के अधिकारों व गरिमामय जीवन के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने के प्रयास किए जाएं।

सोशल मीडिया की मदद से लैंगिक असमानता को समाप्त कर तेज गति से बदलाव लाया जाए। सरकार की योजनाओं के साथ समाज, परिवार और व्यक्तिगत सोच हाथ मिलाकर चले, तो पारंपरिक लैंगिक भेदभाव जल्दी ध्वस्त होगा। किसी ने सही कहा है, मैं अकेले दुनिया में बदलाव नहीं ला सकता, परंतु तालाब में एक पत्थर फेंककर लहर जरूर पैदा कर सकता हूं, जिसका प्रभाव दूर तक जाएगा। महात्मा गांधी के अनुसार, आप स्वयं वह बदलाव बनें, जो आप इस दुनिया में देखना चाहते हैं। आइए, नववर्ष में प्रवेश करते हुए अपने परिवार में, अपनी बहन-बेटी-बहू समेत विभिन्न रक्त संबंधों से, अपने कार्य क्षेत्र में, अपने सामाजिक क्षेत्र में बदलाव की लहर शुरू करें।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

# बरसात के जाते ही हमारी नदियों का बेपानी होना

पंकज चतुर्वेदी



गंगा और उसकी सहायक नदियों की सफाई के लिए केंद्र सरकार ने 2,700 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूर की हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और बंगाल में नदियों के उद्धार को इससे बहुत बल मिलने की संभावना है। गौर करने की बात है, इस बार मानसून के विदा होते ही दक्षिण बिहार की अधिकांश नदियां असमय सूखने लगी हैं। यह सच है कि झारखंड से सटे बिहार के इलाकों में इस साल बरसात कुछ कम हुई, लेकिन सदियों से सदानीरा रही नदियों का इस तरह बेपानी हो जाना, साधारण घटना नहीं है। भागलपुर में खलखलिया, गया में जमुने और मोरहर, नालंदा में नोनाई और मोहाने पूरी तरह सूख गईं, जबकि सीतामढ़ी की मरहा, कटिहार की कारी कोसी, दरभंगा में जीवछ कमला, गोपालगंज की झरही- सभी का जलस्तर तेजी से घट रहा है। थोड़ी सी बरसात में नदियों का उफन जाना और बारिश थमते ही तलहटी दिखने लगना, गोबर पट्टी कहलाने वाले मैदानी भारत की स्थाई त्रासदी बन गया है। यहां बाढ़ और सुखाड़ एक साथ डेरा जमाते हैं। यहां की नदियों की जल-ग्रहण क्षमता कम हो रही है। उनमें गाद बढ़ रही है।

इसी साल 12 जुलाई को सी-गंगा, यानी सेंटर फॉर गंगा रिवर बेसिन मैनेजमेंट ऐंड स्टडीज द्वारा जल शक्ति मंत्रालय को सौंपी गई रिपोर्ट बताती है कि उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड की 65 नदियां बढ़ते गाद से हांफ रही हैं। हालांकि, गाद नदियों के प्रवाह का नैसर्गिक उत्पाद है और कई बड़े तीर्थ व प्राचीन शहर इसी गाद पर विकसित हुए हैं, लेकिन नदी के साथ बहकर आई गाद को जब किनारों पर माकूल जगह नहीं मिलती, तो वह जल-धारा के मार्ग में व्यवधान बन जाती है। वह नदी के प्रवाह-मार्ग में जमती रहती है, जिससे नदियां उथली होती जाती हैं। अकेले उत्तर प्रदेश में ऐसी 36 नदियां हैं, जिनकी कोख में इतनी गाद है कि न केवल नदियों की गति मंथर हो गई, बल्कि कुछ ने अपना मार्ग बदल लिया और उनका पाट संकरा हो गया है। रही-बची कसर अंधाधुंध बालू उत्खनन ने पूरी कर दी है, जिससे कई नदियों का अस्तित्व खतरे में है।

बिहार में गंगा सहित 29 नदियां उथली हो रही हैं। जो नदियां तेज गति से आ रही हैं, उनके साथ आए मलबे से भूमि कटाव भी हो रहा है। कुछ जगहों पर तो नदी के बीच में टापू भी बन गए हैं। 19वीं सदी में बिहार में (जिसमें आज का झारखंड भी शामिल है) 6,000 से अधिक नदियां बहती थीं, जो आज सिमटकर 600 रह गई हैं। कई नदियां जैसे गंडक, कोसी, बागमती, कमला, बलान आदि नेपाल के उंचाई वाले क्षेत्रों से तेजी से लुढ़ककर राज्य के समतल पर लपकती हैं। इन सभी नदियों के दोनों किनारों पर बाढ़ से बचने के लिए हजारों किलोमीटर के पक्के तटबंध हैं।

जाहिर है, पहाड़ झड़ने से उपजती गाद तटों पर जगह न पाकर और तलहटी में बैठकर नदियों की धीमी मौत को दावत दे रही है। गाद के कारण नदियों पर खड़े हो रहे इस संकट से उत्तराखंड भी अछूता नहीं है। यहां की तीन नदियां गाद से बेहाल हैं और राज्य के कई झरने और सरिताएं खत्म हो गई हैं। सन 2016 में केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई चितले समिति ने साफ कहा था कि नदी में बढ़ती गाद का एकमात्र निराकरण यही है कि नदी के पानी को फैलने का पर्याप्त स्थान मिले। चितले समिति की सिफारिशें किसी ठंडे बस्ते में बंद हो गईं और अब नदियों पर रिवर फ्रंट बनाए जा रहे हैं, जिसके नुकसान किसी से छिपे नहीं हैं।

यह दुखद है कि विकास के नाम पर नदियों के कछार को सर्वाधिक हड़पा गया। कछार नदी का विस्तार होता है, ताकि अधिकतम बरसात में भी नदी के दोनों किनारे पर पानी फैल जाए और वह अविरल बहती रहे। आमतौर पर कछार में केवल मानसून में पानी आता है, बाकी समय वहां मौसमी फसल लगाए जाते हैं। मगर भूमि के लालच में कछार लुप्त हो गए और नदियों को मजबूरी में गाद अपने उदर में जमाना पड़ रहा है। यह समझना होगा कि नदी में गाद आना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लिहाजा इस समस्या का निस्तारण भी उसी स्वाभाविक तरीके से करना होगा। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो जिस गाद पर मानव सभ्यता का विकास हुआ है, वही गाद मानव अस्तित्व की अपूरणीय क्षति की वजह बन सकती है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# साइबर क्राइम: हर जगह दी है दस्तक

आनन्द माधव

नवम्बर 23, 2022 की सुबह ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एम्स), दिल्ली में अफरातफरी मच गई जब पता चला कि इमरजेंसी लैब के कंप्यूटर सेंटर से मरीजों की रिपोर्ट नहीं मिल रहीं।

फिर बिलिंग सेंटर, अन्य विभागों से भी रिपोर्ट आने लगीं कि कोई फाइल नहीं खुल रही। टीम ने बैकअप सिस्टम को रिस्टोर करने का प्रयास किया तो मालूम हुआ इसे हैक किया जा चुका है। दिल्ली एम्स पर इस हमले में लगभग 4 करोड़ मरीजों का डाटा चोरी होने का अनुमान है। हैकर्स ने एम्स से 200 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की। इसे क्रिप्टो करंसी में भुगतान करने को कहा गया। हालांकि पुलिस ने फिरौती की मांग से इनकार किया।

हम डिजिटल युग में रह रहे हैं। इंटरनेट से जीना आसान हो गया है। मोबाइल की एक क्लिक पर पूरी दुनिया हाजिर है। आज कोई भी व्यक्ति या देश साइबरस्पेस से खुद को अलग नहीं कर सकता, लेकिन हम असुरक्षित भी होते जा रहे हैं। कोई भी हमारे व्यक्तिगत जीवन में ताकझांक कर सकता है। बिना कुछ किए बैंक खाते में डाका डाल सकता है। हैकिंग, ट्रोलिंग, बुल्लिंग, हेट स्पीच, पोर्न की लत आम बात हो गई है। बैंक फ्रॉड से लेकर मैलवेयर से लेकर रोमांस स्कैम तक, साइबर क्राइम हर जगह है। साइबर अपराध मात्र आर्थिक अपराध तक ही सीमित नहीं है, यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा भी बन गया है। साइबर अपराधी युवाओं का ब्रेन वॉश कर उनको अपने ही देश के विरुद्ध अपराध करने को भड़काता है। हेट स्पीच के माध्यम से समाज में विभेद पैदा करता है। एनसीआरबी 2020 के रिपोर्ट के अनुसार गत वर्ष 50 हजार से भी अधिक साइबर क्राइम के केस भारत में रजिस्र्टड हुए। साइबर अपराध मात्र भारत की समस्या नहीं है, लगभग हर देश की समस्या है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशनम की 2021 की इंटरनेट क्राइम रिपोर्ट के अनुसार साइबर क्राइम के कारण .7 बिलियन का नुकसान हुआ, जो 2019 में रिपोर्ट किए गए नुकसान से लगभग दोगुना है।



ब्रिटिश जालसाजों ने टैक्स धोखाधड़ी करने के लिए ग्राहकों कि संवेदनशील जानकारी को ऑनलाइन टारगेट किया है। ब्राजील के मैलवेयर डवलपर्स ने देश में उनके नाम जारी किए गए इलेक्ट्रॉनिक चालानों में हेर-फेर किया है। आर्थिक रूप से प्रेरित खतरे वाले कर्ताओं ने ऑस्ट्रेलियाई सेवानिवृत्ति खातों को टारगेट किया। साइबर अपराध राष्ट्रीय सुरक्षा को विभिन्न तरीकों से प्रभावित करता है, जिसमें संगठित अपराध और शत्रुतापूर्ण राष्ट्र राज्यों को अवैध लाभ प्राप्त करने और लूटने के लिए उपजाऊ जमीन उपलब्ध कराना, घरों, उद्योगों और सरकारी की आर्थिक स्थिरता को खतरा पैदा, आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों को पंगु बना देना। कोस्टारिका के सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कोंटी रैंसमवेयर हमले और देश की बाद की आपातकालीन घोषणा, एक और स्पष्ट उदाहरण है। भारत में अब तक कोई डाटा प्रोटेक्शन एक्ट नहीं है। भारत सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम, 2008 के अंतर्गत सीईआरटी.इन को राष्ट्रीय एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए नामित किया है, जिसकी स्थापना 2004 में हुई है। 2018 में डाटा प्रोटेक्शन एक्ट का प्रारूप तैयार किया गया और 2020 में इसे सदन में पेश किया गया। लेकिन इसे फिर वापस ले लिया गया था। अब पुन: 'डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2022' को आम जनता के सुझाव के लिए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वेबसाइट पर डाला गया है। वित्तीय अपराध या फ्रॉड को रोकने के लिए या रक्षा एवं गृह विभाग के महत्त्वपूर्ण डाटा को सुरक्षित रखने के लिए हमें बहुपरत सुरक्षा (आतंरिक एवं बाह्य) की जरूरत है, लेकिन इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि साइबर सुरक्षा के मामले में भारत विश्व में निचले पायदान के देशों के साथ खड़ा है। इसके कई कारण हैं। सबसे पहले तो साइबरस्पेस की महत्ता समझने के बाद भी इस मद में बहुत ही कम बजट करना। दूसरा, साइबर अपराध के बारे में न तो लोगों की समुचित समझ है, और न ही इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार ही किया जा रहा है।

हमारे सरकारी प्रतिष्ठान कमजोर हैं क्योंकि-क) हम अपने डिजिटल इकोसिस्टम एवं सरकारी प्रतिष्ठान अपने डिजिटल डाटाबेस को सुरक्षित करने के लिए न्यूनतम राशि खर्च करते हैं, ख) ऐप/नेटवर्क और ऑपरेटिंग सिस्टम का उपयोग करने के लिए पायरेसी/गैर-लाइसेंस/मुक्त उपयोग पर निर्भर हैं, ग) हमारी सरकार ने प्रदाताओं/ऑपरेटरों और उपयोगकर्ताओं के लिए लक्ष्मण रेखा की रूपरेखा नहीं बनाई है, घ) हम अपने डाटा से समझौता किए जाने के बारे में कम से कम चिंतित हैं। साइबर अपराध से लड़ने के लिए उचित बजट एवं सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति की जरूरत है, साथ ही मजबूत डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट भी जरूरी है, तभी हम साइबर अपराधी से लड़ने के लिए तैयार हो पाएंगे एवं राष्ट्र पर साइबर हमले रोकने में सक्षम होंगे।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reastaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़









# लिटिया में आरंभ हुई गोबर पेंट यूनिट, रोजगार की संभावनाएं बढ़ी

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दिखाया गया यहां उत्पादित हुआ पेंट, देवकी वर्मा ने बताया कि हम बना रहे गोबर पेंट

### भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने ग्राम लिटिया गौठान में बना गोबर पेंट दिखाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। पहले घरों में लीपने का काम गोबर से ही होता था। गोबर से लीपे हुए घर बहुत साफ़सुथरे होते थे और बैक्टीरिया आदि प्रदूषण से बचे रहते थे। अब आधुनिक टेक्नालाजी से बने हुए गोबर पेंट आ गये हैं जो काफी सस्ते हैं और देर तक टिकते भी हैं।



सरकारी भवनों में इन्हें लगाने के निर्देश मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिये हैं जिसकी प्रशंसा परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने भी की है। लिटिया में इसका काम चल रहा है। यहां सबसे पहली खेप में बारह सौ लीटर गोबर पेंट का उत्पादन हुआ।

यहां डिस्टेंपर, इमल्शन आदि का उत्पादन हो रहा है। गांव वाले काफी खुश हैं। आज मुख्यमंत्री ने यहां उत्पादित गोबर पेंट भेंट मुलाकात के दौरान स्थल पर देखा तथा इसकी विशेषताओं के बारे में बताया। गांव की देवकी वर्मा ने विस्तार से इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से कहा कि हम गोबर पेंट से सरकारी बिल्डिंग में पोताई कराएंगे। सीमार्ट में इसका विक्रय करेंगे। अपनी जमीन से उत्पादित वस्तुओं से हम इतना कुछ कर सकते हैं। ग्रामीण हुनर की पूरी संभावनाओं को हम निखार रहे हैं।

# मुख्यमंत्री बघेल ने किसान महेन्द्र साहू के घर किया भोजन ग्रहण

श्रीकंचनपथ न्यूज



रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान आम जनता से सीधा संवाद कर ना केवल उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहे, बल्कि छत्तीसगढ़िया संस्कृति, खानपान और जीवनशैली को भी प्रमोट कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल भोजन ग्रहण करने विकासखंड साजा के ग्राम ठेलका में किसान श्री महेन्द्र साहू के घर पहुंचे। मुख्यमंत्री के घर पहुंचने पर श्री महेन्द्र के परिवार वालों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने पूरी आत्मीयता के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री के साथ कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे सहित अन्य अतिथियों ने भी भोजन किया।

मुख्यमंत्री को पारंपरिक छत्तीसगढ़िया भोजन और व्यंजन परोसा गया। कांसे की थाली में परोसे गए भोजन में जिमी कांदा, तिवरा भाजी, लाल भाजी, घर के बारी की पटवा भाजी, मूली भाटा, चना करेला,और सिलबटे से पीसा हुआ टमाटर की चटनी का मुख्यमंत्री ने सादगी के साथ ग्रहण किया। मुख्यमंत्री बघेल को बछड़ा के जन्म के बाद गाय के पहला दूध और गुड़ से बना प्रोटीन से भरपूर पेयूस भी परोसा गया। मुख्यमंत्री ने पेयूस को बड़े चाव खाया और दोबारा लिया। भोजन करने के पश्चात मुख्यमंत्री श्री बघेल ने महेन्द्र के परिवार वालों का हाल चाल पूछा और स्नेह के साथ परोसे गए स्वादिष्ट भोजन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया साथ ही उपहार भी भेंट किया। उनके घर पर मुख्यमंत्री के साथ कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, सरपंच सविता महेंद्र साहू,साधु राम साहू, तखत वर्मा, बलराम वर्मा, रूपसिंह राजपूत, श्र्बंसी पटेल, संतोष सोनवानी ने भोजन ग्रहण किया। इस अवसर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ल उपस्थित थे।

किसान के नन्ही बच्ची के जन्मदिन पर काटा केक मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने किसान श्री महेंद्र साहू की नन्ही बच्ची का जन्मदिन परिवार वालो के साथ केक काटकर मनाया। उन्होंने बच्ची को स्नेह स्वरूप उपहार भी प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने परिवार वालों के साथ ग्रुपिंग फोटो भी खिंचाई।

## खास खबर

### भगवान निर्मल एवं स्वच्छ मन वाले को ही प्राप्त होते हैं, अधर्म के नाश के लिए भगवान लेते अवतार - अतुल कृष्ण भारद्वाज

**कोरबा।** कोरबा शहर के हृदय स्थल में स्थित पीली कोठी में गोयल परिवार पताडी- तिलकेजा वाले द्वारा रामकथा का आयोजन कराया जा रहा है। कथा में वृंदावन से पधारे कथा व्यास परमपूज्य श्रीअतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज द्वारा भगवान राम के जन्म की महिमा का वर्णन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रोता गण उपस्थित थे। कथा वाचक परमपूज्य श्रीअतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने कहा की जब-जब धरती पर अधर्म का बोलबाला होता है, तब-तब भगवान का किसी न किसी रूप में अवतार होता है। जिससे असुरों का नाश होता है, और अधर्म पर धर्म की विजय होती है। उन्होंने कहा कि भगवान चारों दिशाओं के कण-कण में विद्यमान है। इन्हें प्राप्त करने का मार्ग मात्र सच्चे मन की भक्ति ही है। त्रेता युग में जब असुरों की शक्ति बढ़ने लगी तो माता कौशल्या की कोख से भगवान राम का जन्म हुआ। उक्त व्याख्यान मानस मर्मज्ञ परम पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज ने राम कथा में श्री रामचन्द्र जी भगवान के जन्म के समय दिया। उन्होंने कहा कि भगवान सर्वत्र व्याप्त है, प्रेम से पुकारने व सच्चे मन से सुमिरन करने पर कहीं भी प्रकट हो सकते हैं। इसलिए कहा गया है हरि व्यापक सर्वत्र समाना। आगे व्यास जी ने कहा निरगुण से सगुण भगवान सदैव भक्त के प्रेम के वशीभूत रहते हैं, जब-जब होये धर्म की हानि, बढ़ाई असुर अधर्म अभिमानी, तब-तब प्रभु धरि विविध शरीरा। धर्म व सम्प्रदाय में अन्तर को समझाते हुए श्री भारद्वाज जी ने बताया कि धर्म व्यक्ति के अन्दर एकजुटता का भाव पैदा करता है वहीं सम्प्रदाय व्यक्ति को बाहरी रूप से एक बनाता है। मानव को एकजुटता की व्याख्या करते हुए श्री व्यास जी ने कहा है कि एक पुस्तक एक पूजा स्थल एक पैगम्बर एक पूजा पद्धति ही व्यक्ति को सीमित व संकुचित बनाती है।

# हमारा किसान समृद्ध बने, उनका विकास हो यह हमारी पहली प्राथमिकताः भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात में विधानसभा साजा के ग्राम ठेलका पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे पुरखों का सपना समृद्ध, विकसित और खुशहाल छत्तीसगढ़ बनाने का था। हमारा किसान समृद्ध बने, उनका विकास हो, यह हमारी पहली प्राथमिकता है। हमने अपने वादे के मुताबिक किसानों की ऋण माफी की घोषणा की और सरकार बनते ही 19 लाख किसान का 9500 हजार करोड़ का ऋण माफ किया।



### संतोषी बाई ने गोबर बेचकर खरीदा आधा एकड़ खेत

भेंट-मुलाकात में ग्राम टेढ़ी के पारस पटेल ने बताया कि उनका 2.50 लाख रुपए का कर्ज माफहुआ। खेती की आमदनी से त्यौहार मनाने के साथ-साथ परिवार के प्रति सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन भी अच्छी तरह कर पा रहा हूँ। मुख्यमंत्री द्वारा गोधन न्याय योजना के बारे में पूछे जाने पर संतोषी बाई ने बताया कि उन्होंने 2 लाख का गोबर बेचा है, इसके साथ दूध भी बेच रही हैं। इससे मिले पैसे से बच्चों को पढ़ा रही है और आधा एकड़ खेत भी खरीदी है। उनकी बात सुनकर मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं दी। भेंट-मुलाकात में राजीव युवा मितान क्लब के उमेश साहू ने बताया कि उनके क्लब में 55 से 60 सदस्य हैं। सभी ने छतीसगढ़ी ओलंपिक में भाग लिया है। इसके साथ रामायण प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों में भी भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि 25 हजार की किस्त 12 जनवरी को युवा मितान के खाते में आ जायेगी।

### ठेलका में 87.77 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम ठेलका में विकास के लिए 87.77 करोड़ के 72 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसमें 5157.07 लाख रुपये का लोकार्पण एवं 3619.94 लाख रुपये का भूमिपूजन शामिल है। भेंट-मुलाकात में ग्राम साजा की शशिबाला साहू ने बताया कि उन्हें 35 किलो चावल मिलता है। मुख्यमंत्री ने नमक, शक्कर, चांवल, गैस सिलेंडर और मिट्टी तेल के बारे में पूछा। शशिबाला साहू ने बताया कि राशन, नमक, शक्कर नियमति रूप से मिल रहा है। गैस सिलेंडर 1200 रुपए और मिट्टी तेल 100 रुपए लीटर है दोनों बहुत महंगा है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पेट्रोल-डीजल और तेलों की कीमत केंद्र सरकार तय करती है।

राज्य सरकार ने किसानों की स्थिति में सुधार करने के लिए सकारात्मक कदम उठाए गए। धान के उचित मूल्य के साथ अन्य फसलों का भी समर्थन मूल्य लागू किया। पहले साल किसानों को समर्थन मूल्य और इनपुट सब्सिडी को मिलाकर धान का प्रति क्विंटल 25 सौ रुपए मूल्य मिला, अब और भी ज्यादा मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त 31 मार्च को आप सभी के खाते में आ जाएगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य आमजनों की आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था करना है। उन्होंने बताया कि आईटीआई का उन्नयन किया जा रहा है। स्वास्थ्य योजनाओं में मुफ्त इलाज और दवाईयां मिल रही हैं। हाट बाजार क्लिनिक जैसी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सरकार कदम उठा रही है। राम वन गमन परिपथ का निर्माण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय परंपरा के अनुसार कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम ठेलका में क्षेत्र के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने ठेलका एवं बोरतरा में नवीन महाविद्यालय की घोषणा। इसी तरह ठेलका एवं खैरझिटीकला में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम ठेलका, परपोड़ी और मोहगांव में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, गोपालपुर एवं दर्री में हाई स्कूल, सुवरातला, घोटवानी, कन्हेरा, धिवरी और कोपेडबरी में हाई स्कूल का हायर सेकण्डरी स्कूल में उन्नयन की घोषणा की।

श्री बघेल ने तेन्दुआ नवापारा के पास डोटू नाला में पुल, बोरतरा मार्ग पर कर्रा नाला में पुल, मोहगांव के पास सुरही नदी में पुल, कोंगियाकला सुरही नदी में पुल और पदुमसरा में पुल निर्माण, देवकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन, साजा-बोरतरा-परपोड़ी सड़क, गाड़ाडीह-बुन्देली-देवकर सड़क, बीजा-केशतरा-लालपुर-ठेलका-बेलतरा-भेण्डरवानी-चिल्फी सड़क, तिरियाभाठ-देवकर-जामगांव सड़क और बेलतरा-सोमईखुर्द मार्ग निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने मुंगसाटोला, ठेलका और मोहगांव में मिनी स्टेडियम, सुवरतला, केहका और कोंगियाकला में हायर सेकण्डरी स्कूल भवन निर्माण, ठेलका में सर्व मांगलिक भवन, गाड़ा भाटा-भरदा लोदी में सड़क निर्माण और भंडरवानी में सुरही नदी में पुल निर्माण की घोषणा की। महिला समूह ने केले के रेशे से बना जैकेट भेंट किया। भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को ग्राम राखी की महिला समूह ने केला तने के रेशे से बना जैकेट भेंट किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें धन्यवाद दिया। किसान श्री दिलीप मिश्रा ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी 3 एकड़ खेती है। 15 साल से उन पर 4 लाख का ऋण था, ऋण माफी में सब माफ हो गया। उन्होंने कहा कि कर्ज मुक्त होने के बाद 2019 में किसान कहलाने का सम्मान मिला। मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई दी। ग्राम सोमेखुर्द के नवीन मिश्रा ने बताया कि उनका 2.50 लाख रुपए का कर्ज माफहुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपनी लिखी कविता भी सुनाई।

# कलेक्टर ने दिए चांदामेटा क्षेत्र में विकास कार्यों में गति देने के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** कलेक्टर चंदन कुमार ने चांदामेटा में विकास कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दरभा विकासखण्ड के अतिसंवेदनशील चांदामेटा गांव में स्कूल जाने योग्य बच्चों का सर्वेक्षण करते हुए शाला संचालन के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यकर्ता की नियमित उपस्थिति तथा पोषण आहार का नियमित तौर पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए गए। उन्होंने बच्चों को गणवेश उपलब्ध कराने तथा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने चांदामेटा क्षेत्र में सोलर पंप तथा सोलर ऊर्जा के प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चांदामेटा मार्ग के निर्माण कार्य को गति प्रदान करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए। बच्चों की स्कूल ड्रेस की व्यवस्था, चिकित्सा सेवाएं, (स्कीन डीजिस) के लिए एक सप्ताह में करें। क्रेडा के प्रस्ताव पर त्वरित कार्यवाही करें। पीएमजीएसवाय सड़क पुल का निर्माण को जल्दपूर्ण करवाएं। इसके साथ ही बाजार शेड निर्माण, परिवहन हेतु बस संचालन, पेयजल व्यवस्था, वन अधिकार मान्यता पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए।

### ग्राम पंचायतों में हो रहा है स्वच्छता चौपाल आयोजित

**सूरजपुर।** जिला कलेक्टर इफ्फत आरा के निर्देशन व जिला सीईओ लीना कोसम के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में चौपाल के माध्यम से ओडीएफप्लस गांव निर्माण में घर-घर गीले व सूखे कचरे को अलग अलग रखना, ग्रे वाटर का सम्पूर्ण प्रबन्धन, हर घर, सभी हैंडपंपों के पास सोख्ता गड्ढा का निर्माण, गांव में बन रहे सामुदायिक शौचालय का निरंतर उपयोग सुनिश्चित करना। ग्राम में कहीं भी खुले स्थान पर कचरा न फेकना और न ही उसे जलाना, सिंगल यूज़ प्लास्टिक का पूर्णतः प्रतिबंध,उक्त स्वच्छता के सम्बंध में जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है।










## खास खबर...

### राज्य स्तरीय युवा महोत्सव राजधानी में 12 से 14 जनवरी तक

**रायपुर।** राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2022-23 का आयोजन 12 से 14 जनवरी 2023 तक राजधानी रायपुर के साइंस कालेज मैदान में किया जाएगा। इस आयोजन में प्रदेश के सभी संभागो से युवा कलाकार (महिला एवं पुरूष) प्रतिभागी भाग लेगें। युवा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागो के अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि युवा महोत्सव में कलाकारों द्वारा विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन खेल संचालनालय परिसर, डी.डी.यू. ऑडिटोरियम, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर, शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय में पृथक-पृथक आयोजित की जाएगी। इस महोत्सव में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के लिए आवास, भोजन एवं परिवहन आदि की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी।

गौरतलब है कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता 09 नवम्बर 2022 को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार महोत्सव के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही कार्यक्रमों के सुचारू संचालन, निगरानी एवं समन्वय के लिए 'स्थानीय आयोजन समिति' का गठन किया गया है। जिला रायपुर के कलेक्टर को स्थानीय आयोजन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं रायपुर जिला के पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, वनमंडलाअधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को सदस्य बनाया गया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक प्रणव सिंह को सदस्य सचिव और खेल अधिकारी प्रवेश जोशी को सहायक अधिकारी बनाया गया है।

### एम्स में आक्सीजन सिलेंडर से लेकर वेंटीलेटर तक सब तैयार

**रायपुर (ए)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में कोविड-19 की तैयारियों को लेकर मंगलवार को मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान आक्सीजन की सप्लाई से लेकर वेंटीलेटर तक की उपलब्धता को परखा गया। एम्स में बड़ी संख्या में कोविड-19 के रोगियों को एडमिट करने के लिए तैयारी पूरी पाई गई।

निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने सबसे पहले पीएसए आक्सीजन प्लांट का दौरा किया। इस दौरान प्लांट से आक्सीजन की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। चिकित्सकों का कहना था कि प्लांट से सीधे आक्सीजन सप्लाई के साथ ही एम्स में आक्सीजन सिलेंडर भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। यह बड़ी संख्या में रोगियों को आक्सीजन की सप्लाई दे सकते हैं। इसके बाद टीम ने आयुष में वैक्सीनेशन सेंटर और स्क्रिनिंग एरिया का भी दौरा किया।

प्रो. नागरकर ने बताया पूर्व की भांति एम्स इस बार भी बड़ी संख्या में कोविड-19 रोगियों को एडमिट करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। आक्सीजन बैड के साथ ही आक्सीजन बैड, वेंटीलेटर और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। यदि कोविड की कोई नई लहर आती है तो एम्स इसका मुकाबला करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### राजधानी में जुटेंगे राज्य भर के कान-नाक-गला रोग विशेषज्ञ

**रायपुर (ए)।** कान नाक गला रोग विशेषज्ञों की संस्था ए ओ आइ रायपुर द्वारा कान नाक गला विशेषज्ञों का वार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन 7-8 जनवरी 2023 को रायपुर के होटेल बेबीलोन इन में किया जा रहा है। इस सम्मेलन में कान नाक व गले के ऑपरेशन की जीवन्त कार्यशाला का भी आयोजन होगा। इस सम्मेलन में देश के प्रसिद्ध विशेषज्ञ सर्जन डॉ एनबी प्रहलाद व डॉ राकेश श्रीवास्तव द्वारा विभिन्न जटिल बीमारियों का ऑपरेशन किया जाएगा जिसे जीवंत प्रसारित कियाजाएगा । इस सम्मेलन में स्वर्गीय डॉ जेपी निगम पूर्व विभागाध्यक्ष व स्वर्गीय डॉ आरएल गुप्ता मेमोरियल ओरेशन भी आयोजित होगी। इस कार्यशाला मे छत्तीसगढ़ व आसपास के 100 से अधिक विशेषज्ञों के सम्मिलित होने की संभावना है।

---

### स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने खुद परखी अस्पतालों की तैयारी


# कोरोना प्रबंधन के मॉक-ड्रिल का किया ऑनलाइन निरीक्षण

**रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर और कोरबा के मेडिकल कॉलेजों की तैयारियां देखीं**

### जीवन रक्षक औषधियों व उपकरणों के इंतजाम के साथ अन्य सुविधाओं को भी जल्द दुरुस्त करने के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री टीएस सिंहदेव ने प्रदेश भर में कोरोना प्रबंधन के लिए हुए मॉक-ड्रिल का ऑनलाइन निरीक्षण कर अस्पतालों की तैयारियों को खुद परखा। उन्होंने रायपुर के डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के साथ ही बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर और कोरबा के शासकीय मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में कोविड-19 प्रोटोकॉल और इसके इलाज की व्यवस्था का स्वयं अवलोकन किया।**



केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार आज देश भर में कोरोना से निपटने की तैयारियों की मॉक-ड्रिल की जा रही है। छत्तीसगढ़ में भी स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव के निर्देश पर आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पतालों तक मॉक-ड्रिल के जरिए तैयारियों को परखा गया। स्वास्थ्य मंत्री ने खुद मॉक-ड्रिल का अवलोकन कर अस्पतालों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कोविड से निपटने सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को कहा। श्री सिंहदेव ने मेडिकल कॉलेजों के डीन से बातकर जरुरी दवाईयों, जांच की सुविधाओं और पीपीई किट की उपलब्धता की भी जानकारी ली।

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में कोविड-19 आइसोलेशन वार्ड एवं आईसीयू का ऑनलाइन निरीक्षण किया। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों को कोविड-19 की रोकथाम एवं इलाज से संबंधित सभी जीवन रक्षक औषधियों व उपकरणों के इंतजाम के साथ ही अन्य सुविधाओं को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

प्रदेश के सभी शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में आज कोरोना प्रबंधन (कोविड मैनेजमेंट) प्रोटोकॉल के मॉक-ड्रिल के दौरान प्रतीकात्मक मरीज के माध्यम से चिकित्सकीय, नर्सिंग, पैरामेडिकल स्टॉफ के रैपिड रिस्पांस (त्वरित प्रतिक्रिया) को परखा गया। विशेषीकृत कोरोना वार्डों में मॉक-ड्रिल के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि कोरोना का कोई मामला आने पर तत्काल उसे इलाज मुहैया हो।

मॉक-ड्रिल में मरीज के एम्बुलेंस से अस्पताल परिसर में दाखिल होने से लेकर ओपीडी में जांच तथा गंभीर स्थिति में आईसीयू में शिफ्ट करने तक की प्रक्रिया का चरणबद्ध ढंग से प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सभी तरह के जीवन रक्षक उपकरणों का प्रतीकात्मक रूप से उपयोग करते हुए उनकी क्रियाशीलता की जांच की गई। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने ऑनलाइन जुड़कर मॉक-ड्रिल एवं कोविड अस्पताल में की गई तैयारियों के संबंध में मेडिकल कॉलेजों के डीन से जानकारी ली।

---

# प्रदेश में 18 लाख किसानों से 73.48 लाख टन धान की खरीदी

### किसानों को 15,205 करोड़ रूपए का भुगतान

### कस्टम मिलिंग के लिए 47.19 लाख टन धान का उठाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का महाभियान निरंतर जारी है। यह अभियान 31 जनवरी 2023 तक चलेगा। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर किसानों से अब तक 73.48 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी के एवज में राज्य के



17.95 लाख किसानों को लगभग 15,205 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है।

मुख्यमंत्री की पहल पर पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 58.20 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 47.19 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि 27 दिसम्बर को 39 हजार 906 किसानों से 1.52 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इसके अलावा ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से लगभग 30 हजार 523 टन धान की भी खरीदी हुई हैं। आगामी दिवस की धान खरीदी के लिए 45 हजार 577 टोकन तथा टोकन तुंहर हाथ एप के जरिये लगभग 8 हजार 740 टोकन ऑनलाइन जारी किए गए हैं।

गौरतलब है कि इस साल राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.26 लाख नये किसान शामिल हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2600 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। सामान्य धान 2040 रुपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। इसी तरह राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है।

---

# नक्शा, खसरा, बी-वन मिलना अब हुआ आसान लोक सेवा गारंटी योजना से खुश है किसान

### महासमुंद जिले में चार साल में 7 लाख 23 हजार से ज्यादा प्रकरण निराकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार शासन-प्रशासन की त्वरित कार्यप्रणाली के कारण लोक सेवा गारंटी अधिनियम का लाभ सहजता से जनसामान्य को मिल रहा है। मुख्यमंत्री बघेल की मंशा के अनुरूप सभी शासकीय कार्यालयों में लोकसेवा गारंटी के तहत अधिसूचित सेवाएं समय-सीमा में उपलब्ध होने से शासन-प्रशासन के प्रति जन विश्वास लगातार बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित नियत समय के भीतर छत्तीसगढ़ राज्य में लोक सेवा प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है। अकेले




महासमुंद जिले में ही विगत चार वर्षों में 7 लाख 23 हजार 55 प्रकरण निराकृत हुए हैं। महासमुंद जिले में अब तक विभिन्न विभागों से लगभग 75 विषयों से संबंधित कुल 8 लाख 17 हजार 315 आवेदन मिले थे। जिसमें से 7 लाख 23 हजार 55 आवेदन समय सीमा में निराकृत किए गए। इसमें से कुछ वापस हुए और कुछ दस्तावेजों की कमी के कारण निरस्त हुए।

जानकारी के अनुसार इनमें से सबसे ज्यादा आय प्रमाण पत्र के 3,14,447 आवेदन, मूल निवास प्रमाण पत्र के 1,31,866 आवेदन, अन्य पिछड़ वर्ग प्रमाण पत्र के 67231 आवेदन निराकृत किए गए। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के 48,375 इसी प्रकार भुइयां से नकल (भूमि दस्तावेज आदि) हेतु 30,671 एवं जन्म पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र के 13,630 निराकृत किए गए।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन की धारणा को ध्यान में रख कर नागरिकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न विभागों में ई-डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट की परिकल्पना कर उसे राज्य में लागू किया गया है। यह जिला प्रशासन की आंतरिक प्रक्रियाओं के स्वचालन के रूप में की गई है जो जिलों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह जिला प्रशासन के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक वर्कफ्लो प्रणाली बनाने में मदद कर रही है। कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), लोक सेवा केंद्र, ऑनलाइन और इंटरनेट के माध्यम से कुशल व्यक्तिगत विभाग सेवाएं प्रदान करने में मदद मिल रही है। ई-डिस्ट्रिक्ट परियोजना को राज्य में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत कार्यान्वित किया जा रहा है।

---

# मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से कुंती के सपनों को मिली उड़ान

**अब तक 4.68 लाख प्रशिक्षित एवं प्रमाणीकृत हितग्राहियों में से 2.56 लाख युवाओं का किया गया नियोजन**



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। इन्ही पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए कुन्ती साय ने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत न सिर्फ अपने स्वरोजगार के सपने को पूरा किया, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार का भी सहारा बनी हैं।

जशपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बोकी के टुकुटोली निवासी सुश्री कुंती साय ने बताया कि उनके परिवार में माता-पिता एवं 2 भाई हैं। कुंती पढ़ाई पूर्ण करने के बाद आर्थिक रूप से सक्षम बनना चाहती थी, ताकि वह अपने परिवार की आर्थिक सहायता कर गरीबी को दूर कर सके। तभी उन्हें जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना की जानकारी मिली। इस योजना के तहत् उन्हें सिलाई मशीन टेक्नीशियन का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें विभाग द्वारा ही काउंसिलिंग के माध्यम से पी.आर.शुगर एंड अपैरल प्रा.लि. तिरुपुर तमिलनाडु में सिलाई मशीन टेक्नीशियन का रोजगार उपलब्ध कराया गया। जहां कुंती को आवासीय सुविधा के साथ-साथ प्रतिमाह 8,500 रुपए वेतन प्राप्त हो रहा है। रोजगार मिलने से अब वह आर्थिक रूप से सक्षम बन गई है। अब वह अपने साथ-साथ अपने परिवार की दैनिक जरूरतों को पूरा कर पा रही है। हितग्राही कुंती ने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से रोजगार का सपना पूरा होने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास प्राधिकरण विभाग के अंतर्गत राज्य के दूरस्थ अंचलों के लोगों को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एक कन्वर्जेन्स योजना है, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा प्रायोजित योजनाओं में कौशल विकास हेतु पात्र युवाओं को एक ही मंच पर एकरूपता के साथ (यथा कोर्स, प्रशिक्षण, मूल्यांकन, प्रमाण-पत्र इत्यादि) कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत अन्य प्रायोजित योजनाओं यथा श्रम, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, नगरीय प्रशासन, कृषि इत्यादि विभागों द्वारा प्रायोजित योजनाओं के माध्यम से युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत राष्ट्रीय कौशल अर्हता फेमवर्क आधारित विभिन्न स्तरों के 706 कोर्सेस कौशल प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत अब तक कुल 7,36,401 पंजीकृत हितग्राहियों में से 4,68,988 युवाओं का विभिन्न विभागों द्वारा प्रायोजित योजनाओं के माध्यम से प्रशिक्षित एवं प्रमाणीकरण किया गया है। प्रशिक्षित एवं प्रमाणित युवाओं में से 2,56,065 युवाओं को नियोजित किया गया है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना का ऑनलाईन क्रियान्वयन एवं परिवीक्षण पारदर्शी एवं सुविधाजनक हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए वेब-पोर्टल https://cssda.cg.nic.in का निर्माण किया गया है। वेब पोर्टल के माध्यम से योजना का क्रियान्वयन एवं संलग्न संस्थाओं यथा प्रशिक्षण प्रदाता, मूल्यांकन एजेंसी तथा नियोजन संबंधित कार्यवाहियों का परिवीक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है।

---

# मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने क्षेत्रीय प्रतिनिधियों एवं नागरिकों से की भेंट



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने रायपुर में अपने निवास कार्यालय में विभिन्न स्थानों से आए क्षेत्रीय प्रतिनिधियों एवं नागरिकों से भेंट की। डॉ. डहरिया ने उनसे अपने क्षेत्र के विकास कार्यों की जानकारी ली। लोगों ने अपनी विविध समस्याओं के संबंध में भी नगरीय प्रशासन मंत्री को आवेदन प्रस्तुत किए। डॉ. डहरिया ने लोगों को उनकी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि प्रत्येक मंगलवार को नगरीय प्रशासन मंत्री से लोग स्वेच्छा से मिलकर अपने क्षेत्र के विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं के संबंध में चर्चा कर अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत करते है। डॉ. डहरिया लोगो से सहजता से मिलते है।

---

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243


प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094


● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333


आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

## नहीं पड़ेंगी नकली लैशेज की जरूरत

# ये असरदार उपाय दिलाएंगे आपको खूबसूरत और घनी पलकें

खूबसूरत आंखें हर शख्स के चेहरे का नूर बढ़ा देती हैं। अगर किसी महिला की पलकें घनी और गहरी हों, तो खूबसूरती बेमिसाल लगती है। यही कारण है कि युवतियां घनी पलकों की चाहत रखती हैं, इसलिए कई युवतियों के मन में यह यह सवाल हमेशा रहता है कि पलकें कैसे घनी बनाई जाए। ऐसे में जिन युवतियों की पलकें हल्की होती हैं, वो मेकअप और नकली लैशेज की मदद से इन्हें घना बनाने की कोशिश करती हैं। कुछ लड़कियां तरह-तरह के घरेलू नुस्खें भी अपनाती हैं। ऐसे में आज हम आपको पलकें लंबी और घनी बनाने के लिए कुछ प्रचलित घरेलू उपचार लेकर आए हैं। तो चलिए जानते है इनके बारे में...



### अरंडी का तेल

अरंडी के तेल में टी-ट्री ऑयल मिला लें। अब इस मिश्रण को मस्कारा ब्रश या ईयर बड की मदद से रात को पलकों पर लगाएं।रात भर इसे पलकों पर लगा रहने दें।सुबह पानी से आंखों को धो लें।इसे रोजाना रात को पलकों पर लगाकर सोएं।

### विटामिन-ई

विटामिन-ई कैप्सूल में एक पिन से छेद करेंअब इसका तेल निकालकर साफ उंगलियों से अपनी पलकों पर लगा लें। इस तेल को तीन-चार घंटे या पूरी रात पलकों पर लगा रहने दें। फिर सुबह साफ पानी से आंखों को धो लें। बेहतर परिणाम के लिए रोज आंखों पर विटामिन-ई कैप्सूल का तेल लगा सकते हैं।

### ग्रीन-टी

एक कप गर्म पानी में ग्रीन-टी की पत्तियां डालकर कुछ देर उबाल लें। जब पानी ठंडा हो जाए, तो उसे पलकों पर लगाएं। इस पानी को रातभर अपनी पलकों पर लगा रहने दें। अगली सुबह पानी से चेहरा धो लें। ऐसा रोजाना किया जा सकता है।

### पेट्रोलियम जेली

सावधानीपूर्वक अपनी पलकों पर पेट्रोलियम जेली लगाएं। अब कुछ देर इससे मसाज करें और रात भर लगाकर छोड़ दें। इसे हर रात को सोने से पहले लगा सकते हैं।

### शिया बटर

सबसे पहले उंगलियों पर थोड़ा-सा शिया बटर लें और अच्छी तरह रगड़ कर पिघला लें। अब इसे पलकों पर लगाएं। इसे पलकों पर लगाकर रात भर के लिए छोड़ दें और सुबह पानी से धो लें। बेहतर परिणाम के लिए ऐसा रोज रात को सोने से पहले प्रयोग करें।

### जैतून का तेल

सबसे पहले जैतून के तेल और अरंडी के तेल को अच्छी तरह मिला लें। रात को सोने के पहले ईयर बड की मदद से इस तेल को पलकों पर लगाएं। सुबह उठकर मुंह को रोजाना की तरह पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को रोजाना रात को सोने से पहले करें।

# हर होने वाली दुल्हन के पास जरूर होनी चाहिए ये ज्वेलरी

हर लड़की के लिए शादी एक यादगार अवसर होता है और उसके पहनावे के साथ-साथ ज्वेलरी उसके इस खास दिन की चमक को और ज्यादा बढ़ा सकती हैं। नेकलेस और झुमके से लेकर मांगटीका और चूड़ियां, हर पीस होने वाली दुल्हन को आकर्षक लुक देने में मदद करता है। आइए आज हम आपको पांच ज्वेलरी पीस के बारे में बताते हैं, जो हर होने वाली दुल्हन के पास जरूर होने चाहिए।

### सोने या हीरे का हार

शादी के साजो-सामान में ज्वेलरी सबसे महत्वपूर्ण है और हार दुल्हन के लुक को पूरा करता है। इसके लिए आप अपनी शादी में एक हल्का गोल्डकॉइन हार पहन सकती हैं, जो ट्रेडिशनल लुक के लिए परफेक्ट रहेगा। अगर आप पेस्टल कलर का लहंगा पहन रही हैं तो हीरे का हार चुनें। रॉयल लुक के लिए आप चोकर के साथ लेयर्ड लंबा रानी हार भी ट्राई कर सकती हैं।

### खूबसूरत ईयररिंग्स

शादी का लुक खूबसूरत ईयररिंग्स के बिना अधूरा है। अगर आपने शादी के लिए क्लासिक ट्रेडिशनल लुक चुना है तो बड़ी चांदबाली या झुमके बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। हालांकि, अगर आप कुछ हल्का कैरी करना चाहती हैं तो शैंडलियर इयररिंग्स, स्पार्कलिंग डायमंड सॉलिटेयर या स्टोन वाले ईयररिंग भी चुन सकती हैं। ये आपकी शादी के विभिन्न अवसरों के लिए भी उपयुक्त हैं।

### डायमंड के आकार का मांगटीका

होने वाली दुल्हन के बीच वाले बालों पर लगाया जाने वाला मांगटीका भी एक अच्छा लुक देता है। हिंदू शादियों की महत्वपूर्ण गहनों में से एक मांगटीका होने वाली दुल्हन के पूरे लुक में एक सदाबहार आकर्षण जोड़ सकता है। इसके लिए आप मोतियों या ट्रिंकेट वाली डायमंड के आकार का मांगटीका चुन सकती हैं। वैसे आजकल माथा पट्टी भी काफी ट्रेंड में है, इसलिए इसे चुनना भी बेहतर है।

### चूड़ियां

चूड़ियां भारतीय शादी की परंपराओं को परिभाषित करती हैं और दुल्हन के लुक को आकर्षित बना सकती हैं। आप सोने या चांदी में सुंदर पोल्की या मीनाकारी वाली चूड़ियों का चयन कर सकती हैं। अगर आप कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं तो डैंगलिंग कलीरे बैंगल्स जैसे खूबसूरत स्टेटमेंट पीस भी ट्राई कर सकती हैं। आप अपने साजो-सामान में चौड़ी चूड़ियां या कंगन भी शामिल कर सकती हैं।

### एक नथ

नथ को नोज रिंग के रूप में भी जाना जाता है। प्राचीन काल से दुल्हनों का नथ पहनना शुभ माना जाता है। हालांकि, अगर आपकी नाक नहीं छिदी हुई है तो आप क्लिप-ऑन नथ का चयन कर सकती हैं। एक आसान तरीका यह है कि कुंदन वर्क और मोती की चेन वाली एक सोने की नथ को भी चुन सकती हैं।





## खाकीः द बिहार चैप्टर 2 पर जल्द शुरू होगा काम, नीरज पांडे ने की पुष्टि

नेटफ्लिक्स पर आई वेब सीरीज खाकीः द बिहार चैप्टर को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज भ्रष्टाचार और अपराध पर आधारित है। भव धूलिया ने इसका निर्देशन किया है। वहीं इस सीरीज की स्क्रिप्ट फिल्ममेकर नीरज पांडे और उमाशंकर सिंह ने लिखी है। नीरज ने एक इंटरव्यू में इसके दूसरे सीजन को लेकर अहम जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि वह जल्द इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। नीरज पांडे से शो के दूसरे सीजन को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा, शो का हमेशा यही विजन था। हम बहुत जल्द दूसरे सीजन को लिखना शुरू करने जा रहे हैं। इसकी स्क्रिप्ट से लेकर कास्टिंग तक में लगभग 8-9 महीने लग जाएंगे। इस सीरीज की कहानी चंदन महतो और आईपीएस अमित लोढ़ा के इर्द-गिर्द घूमती है। अमित पर हाल ही में भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे थे।

## गांधी-गोडसे एक युद्ध का मोशन पोस्टर रिलीज 26 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म

घायल जैसी सुपरहिट फिल्म देने वाले मशहूर निर्देशक राजकुमार संतोषी पिछले लंबे वक्त से अपनी आगामी फिल्म गांधी-गोडसे एक युद्ध को लेकर चर्चा में हैं। फैंस ब्रेसबी से उनकी इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच फिल्म निर्माताओं ने मंगलवार को फिल्म का मोशन पोस्टर जारी कर दिया है। संतोषी नौ साल बाद फिल्म गांधी-गोडसे एक युद्ध के साथ सिल्वरस्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं, जो 26 जनवरी, 2023 में रिलीज होने वाली है।

फिल्म में महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे की विपरीत विचारधारा की लड़ाई को दिखाया जाएगा। बता दें कि, महात्मा गांधी का किरदार अभिनेता दीपक अंतानी निभाएंगे, जबकि चिन्मय मंडलेकर फिल्म में नाथूराम गोडसे की भूमिका में नजर आएंगे। गांधी गोडसे एक युद्ध की कहानी असगर वजाहत और राजकुमार संतोषी ने लिखी है और मनीला संतोषी ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। बताते चलें कि डायरेक्टर राजकुमार ने पिछले नौ साल में किसी फिल्म को डायरेक्ट नहीं किया है।




## अनुष्का ने झूलन गोस्वामी की बायोपिक चकदा एक्सप्रेस की शूटिंग की पूरी

अभिनेत्री अनुष्का शर्मा भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान झूलन गोस्वामी की बायोपिक चकदा एक्सप्रेस में मुख्य भूमिका अदा करेंगी। अब उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अनुष्का ने सेट से तस्वीरें शेयर करते हुए शूटिंग को खत्म करने की जानकारी दी है। तस्वीरों में अनुष्का भारतीय टीम की जर्सी पहनी हुई दिखाई दे रही हैं। वह निर्देशक प्रोसित रॉय और झूलन के साथ केक काटती हुई नजर आई हैं।

अनुष्का ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, फिल्म चकदा एक्सप्रेस की शूटिंग समाप्त हुई। शूटिंग को समाप्त करने के समय अंतिम क्लैप देने के लिए झूलन को धन्यवाद। मेकर्स ने जून में इस फिल्म की शूटिंग शुरू की थी। अनुष्का के भाई कर्णेश शर्मा ने क्लीन स्लेट फिल्म्स के बैनर तले इसका निर्माण किया है। यह फिल्म सीधे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। अभी इसकी रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है।




## विजय देवरकोंडा ने की 100 प्रशंसकों के लिए मुफ्त ट्रिप की घोषणा

दक्षिण भारतीय अभिनेता विजय देवरकोंडा ने अपने फैंस के लिए एक खुशखबरी शेयर की है। उन्होंने अपने 100 प्रशंसकों के लिए मुफ्त ट्रिप की घोषणा की है। उन्होंने फैंस को क्रिसमस का स्पेशल गिफ्ट दिया है। दरअसल, वह हर साल क्रिसमस के मौके पर कुछ खास करते आए हैं। उन्होंने पांच साल पहले देवरा सेंटा के नाम से एक ट्रेडिशन शुरू किया था। इसी के तहत उन्होंने मुफ्त ट्रिप की यह पहल की है।

देवरकोंडा ने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, पांच साल पहले मैंने एक परंपरा शुरू की थी। इस साल के लिए भी मेरे पास एक आइडिया है। मैं आप लोगों में से 100 लोगों को एक पेड ट्रिप पर भेजना चाहता हूं। कृपया डेस्टिनेशन चुनने में मेरी मदद करें। डेस्टिनेशन हैं- माउंटेन ऑफ इंडिया, बीचेस ऑफ इंडिया, कल्चर ट्रिप ऑफ इंडिया और डेजर्ट ऑफ इंडिया। इस ऑफर के हिसाब से फैंस अपनी पसंदीदा जगह पर घूमने जा सकते हैं।



## सिल्वर कलर के लहंगे में प्रिंसेस सी नजर आई हिना खान

एक्ट्रेस हिना खान सोशल मीडिया पर अपनी आउटफिट से कहर बरपाने का हुनर बखूबी जानती हैं। वहीं, सिल्वर कलर के लहंगे में हिना खान की ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। हिना खान का ये लुक देखकर कोई उन्हें परी बता रहा है तो कोई उन्हें प्रिंसेस बता रहा है। एक्ट्रेस हिना खान ने अपने लेटेस्ट आउटफिट में ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। हिना खान शिमरी लहंगे के साथ डीपनेक चोली में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर रही हैं। ग्लॉसी मेकअप और ओपन कर्ल हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस हिना खान गजब की बला लग रही हैं। स्पार्किंग लहंगे में देखकर फैंस उनकी खूबसूरती पर अपना दिल वार रहे हैं। हिना खान के फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। सिल्वर कलर के आउटफिट के साथ एक्ट्रेस ने नेकलेस और क्राउन को कैरी कर रखा है। जिसमें वो एक प्रिंसेस सी नजर आ रही हैं। बिग बॉस फेम हिना खान ने बेहद कम समय में इंडस्ट्री में खास जगह बनाई है। हिना खान अपने अलहदा अंदाज और खूबसूरती के लिए काफी पॉपुलर हैं। साथ ही वो अपने लुक्स के साथ एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। एक्ट्रेस हिना खान टीवी एक्टर शहीर शेख के साथ बारिश बन जाना गाना में नजर आ चुकी हैं।



## लिटिल चैंप्स के साथ एल्बम बनाना चाहती हैं गायिका नीति मोहन

पार्श्व गायिका नीति मोहन ने खुलासा किया है कि उन्होंने सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स के शीर्ष पांच प्रतियोगियों के साथ एक एल्बम जारी करने की योजना बनाई है। क्रिसमस के खास मौके पर नीति ने कहा, मुझे लगता है कि मैं जीवन भर सांता क्लॉज बनना चाहती हूं।

कुछ ऐसा है जो मेरे दिल में तब से है जब मैं इन छोटे प्रतिभाशाली प्रतियोगियों से मिली थी, और क्योंकि आज हम क्रिसमस विशेष मना रहे हैं, मैं कहना चाहती हूं कि मैं शो के टॉप-5 कंटेस्टेंट्स के साथ एक एल्बम रिलीज करूंगी। उन्होंने आगे कहा, मैं इसके बारे में बहुत लंबे समय से सोच रही थी।

मैं चाहती हूं कि इस शो के खत्म होने के बाद भी उन सभी को एक मंच मिले, और हम हमेशा जुड़े रहें। इसलिए, अगर मुझे एक एल्बम बनाने का मौका मिलता है तो मैं बहुत आभारी रहूंगी, शीर्ष 5 प्रतियोगियों के साथ।जेटशेन दोहना लामा, अतनु मिश्रा, देविका शर्मा, प्रज्योत गुंदले, राफा यास्मीन, हर्ष सिकंदर, पलाक्षी दीक्षित, ज्ञानेश्वरी घाडगे, अथर्व बख्शी और आरोही सोनी सहित शीर्ष दस प्रतियोगियों ने अपने पसंदीदा कार्टून चरित्र छोटा भीम और लिटिल सिंघम के साथ मस्ती की जो क्रिसमस स्पेशल एपिसोड के लिए शो में आए थे।सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स को नीति मोहन, शंकर महादेवन और अनु मलिक जज कर रहे हैं। यह शो जी टीवी पर प्रसारित होता है।



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है



मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने के लिए पढ़ाई को अधिक महत्व दें - राष्ट्रपति

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली (पीआईबी)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने हैदराबाद में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में केशव मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी के छात्रों एवं संकाय सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने स्थानीय स्वाधीनता सेनानियों के योगदान को प्रदर्शित करने वाले 'हैदराबाद लिबरेशन मूवमेंट' पर एक फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया।



इस अवसर पर राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ऐसा आधार है, जिस पर एक राष्ट्र का निर्माण होता है। शिक्षा किसी भी व्यक्ति में समाहित समस्त क्षमताओं को बाहर लेकर आने की कुंजी है। उन्होंने इस तथ्य पर प्रसन्नता व्यक्त की कि केशव मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी का विस्तार हुआ है और इसकी गतिविधियां कई गुना बढ़ चुकी हैं। इस समिति की शुरुआत 1940 में एक छोटे से स्कूल के साथ हुई थी और अब यह नौ अलग-अलग कॉलेजों के साथ एक प्रमुख शैक्षिक केंद्र के रूप में उभरा है, जिसमें 11,000 से अधिक छात्र नामांकित हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की सफलता में बढ़ोतरी न्यायमूर्ति केशव राव कोराटकर के आदर्शों को श्रद्धांजलि है, जिनकी स्मृति में इस समिति की स्थापना की गई है।

इस बात का उल्लेख करते हुए कि हैदराबाद की मुक्ति की 75वीं वर्षगांठ का समारोह 'आजादी का अमृत महोत्सव' के हिस्से के रूप में आयोजित किया जा रहा है, राष्ट्रपति ने कहा कि यह अवसर और समय इस क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ पूरे देश के लिए बहुत महत्व रखता है। उन्होंने रामजी गोंड, तुर्रेबाज़ खान, कोमाराम भीम, सुरवरम प्रताप रेड्डी और शोयाबुल्ला खान सहित हैदराबाद की मुक्ति के लिए लड़ने वाले सभी बहादुर सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने कहा कि इन बलिदानियों की वीरता तथा त्याग हमेशा याद रखा जाएगा और उनका सम्मान किया जाएगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि जब हम आजादी के अमृत महोत्सव की ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं, तो हमारे लिए यह याद रखना भी बहुत महत्वपूर्ण है कि हमारी स्वतंत्रता केवल अतीत के दमनकारी शासकों से मुक्ति से ही संबंधित नहीं है। यह आज उठाए गए सुविचारित कदमों के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के बारे में भी है। अब हम भविष्य के लिए आगे बढ़ रहे हैं, तो यह सुनिश्चित करना भारत के युवाओं पर ही निर्भर करता है कि हम अपने पूर्वजों द्वारा रखी गई नींव पर राष्ट्र का निर्माण करें और अपने देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। इसका अर्थ है कड़ी मेहनत करना और हम जो भी कार्य करते हैं, उसमें उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना। इसका संबंध जिम्मेदार और प्रतिबद्ध नागरिक होने से है, जो भारतीय समाज की बेहतरी के लिए योगदान देने को तैयार रहते हैं। इसका अर्थ यह भी है कि हमें अपने संविधान के मूल्यों एवं आदर्शों को बनाए रखना है और अधिक समावेशी व न्यायसंगत समाज बनाने की दिशा में कार्य करना है। इसका अर्थ है जलवायु परिवर्तन से लड़ना और आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी पृथ्वी को संरक्षित करना।

राष्ट्रपति ने पढ़ाई के महत्व पर बल देते हुए कहा कि पढ़ने की आदत आत्म-विकास के सबसे प्रभावी साधनों में से एक है। यह एक ऐसा कौशल है, जो जीवन भर छात्रों की सहायता करेगा। उन्होंने कहा कि यह इंटरनेट और सोशल मीडिया का युग है, जिस समय काल में ध्यान देने की अवधि कम होती जा रही है और पात्रों में संचार सीमित है। राष्ट्रपति ने छात्रों से समझ में सुधार करने तथा अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने के लिए पढ़ाई को अधिक महत्व देने का आग्रह किया।

## खास खबर

### गोठानों में नियमित रूप से हो गोबर खरीदी - कलेक्टर

**सुकमा।** कलेक्टर हरिस एस. ने शासन की महत्वाकांक्षी और सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने सभी गोठानों में गोबर खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी गोठानों में गोबर खरीदी नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तीनों विकासखण्ड के जनपद सीईओ से स्पष्टीकरण मांगा है। गोठानों में पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष अधिक पैरादान एकत्रित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने दोरनापाल में धन्वतरि योजना का शुभारंभ माह जनवरी में करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत ई-केवायसी की प्रगति की चर्चा की। बैठक में ग्राम स्तर पर आयोजित राजस्व शिविर से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही अविवादित बंटवारा, नामांतरण, किसान किताब, जाति निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रकरणों का निराकरण शीघ्र करने के निर्देश दिए हैं। आगामी दिनों में आयोजित होने वाली शिविरों में आमजनों से राजस्व, खाद्य, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

### मुख्यमंत्री ने साजा में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से की भेंट-मुलाकात

# गोधन न्याय योजना से प्रदेश के सभी चरवाहों को सीधा लाभ मिल रहा- मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्र भूपेश बघेल ने शाम साजा में विभिन्न समाज एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमण्डल से भेंट-मुलाकात की। उन्होंने इस मौके पर एक-एक कर सभी समाज एवं संगठनों के प्रतिनिधियों से सामाजिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी लेने के साथ ही उनसे शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में भी फीडबैक लिया।




मुख्यमंत्री ने सामाजिक संगठनों से भेंट-मुलाकात के दौरान सेन समाज के प्रतिनिधियों से कहा कि सेन, लोहार, पूजा-पाठ करने वाले जैसे भूमिहीनों को राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में शामिल किया गया है।

इस योजना का लाभ लेने के लिए समाज के लोगों से आवेदन कराए। सामाजिक बैठक कर राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की जानकारी दे। यादव समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का गोधन न्याय योजना के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यादव समाज के लिए नगर पंचायतों में कृष्ण कुंज बनाया जा रहा है। गोधन न्याय योजना से प्रदेश के सभी चरवाहों को सीधा लाभ मिल रहा हैं। मुख्यमंत्री ने निर्मलकर रजक समाज के प्रतिनिधियों से कहा कि समाज के आर्थिक उत्थान के लिए गौठानों में आजीविका के अवसर प्रदान किए जा रहे है, इसमें युवाओं को भागीदारी निभाने आगे आना चाहिए। मरार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के काम से किसानों और मजदूर दोनों खुश हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शाकम्भरी दिवस के लिए सरकार ने छुट्टी घोषित की है। आपका समाज मेहनतकश समाज है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को क्षत्रिय समाज ने तलवार और साफा भेंटकर स्वागत किया। आदिवासी समाज ने सफलतापूर्वक चार वर्ष कार्यकाल पूरा करने पर बधाई दी। आदिवासी समाज द्वारा साजा में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापित करने के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने सहमति जतायी। निर्मलकर रजक समाज ने रजक बोर्ड के गठन के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने सेन समाज के प्रतिनिधियों से कहा कि सेन समाज के ऐसे लोग जिनके पास जमीन नहीं है, पौनी-पसारी वाले को 7000 रूपए प्रतिवर्ष दिया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री से आदिवासी समाज के लोगों ने निजी जमीन को विक्रय करने की अनुमति मांगी जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा जमीन शेष होने पर नियमानुसार कलेक्टर की अनुमति से बेचा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने सेन समाज, सतनामी समाज के प्रतिनिधियों ने सामाजिक भवन की मांग पर नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही।

विधानसभा साजा में सामाजिक संगठनों से मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, मुख्यमंत्री के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# पोषण पुनर्वास केन्द्र से 2816 बच्चे सुपोषित होकर लौटे



श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** गरियाबंद जिले में कुपोषित बच्चों की पहचान और तत्काल ईलाज के लिए जिला अस्पताल गरियाबंद में पोषण पुनर्वास केन्द्र की स्थापना किया गया है। जिले में पोषण पुनर्वास केन्द्र की स्थापना के उपरांत जिले में यह केन्द्र बच्चों के लिए वरदान और पूरे जिले में कुपोषित बच्चों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है। अभी तक 2816 बच्चे कुपोषण से बाहर निकलकर स्वस्थ और सुपोषित होकर अपने घर लौट गये हैं। हाल ही में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में जिला अस्पताल गरियाबंद के पोषण पुर्नवास केन्द्र को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। समीक्षा बैठक में पोषण पूर्नवास केन्द्र में किये जा रहे कार्यो अंतर्गत शिशु रोग विशेषज्ञ, पोषण विशेषज्ञ और महिला एवं बाल विकास के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग से आंगनवाड़ी केन्द्रो में निरन्तर बच्चों के वजन, उनके वृद्धि, विकास के प्रगति को रेखाकिंत कर कमजोर बच्चों का और कुपोषित बच्चों को स्वस्थ्य करने के निरंतर जिला अस्पताल गरियाबंद के पोषण पुर्नवास केन्द्र में भेजने की वजह से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपादित किया जा रहा है।

अब तक पोषण पुर्नवास केन्द्र में कार्यरत सुश्री अनीस अख्तर फीडिंग डिमोस्टेेटर, श्रीमती लक्ष्मी यादव कुक, शिशुरोग विशेषज्ञ, स्टॉफ नर्स में श्रीमती डिगेश्वरी निषाद, सुश्री खिलेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. राजेन्द्र बिनकर शिशुरोग विशेषज्ञ, के सहयोग से कुल 2816 बच्चों को भर्ती कर ईलाज कर स्वस्थ्य कर सकुशल घर भेजा गया।

# दूसरे के सहारे जनदर्शन में आया था अविनाश मिला ट्रायसायकिल का सहारा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। रायगढ़ के बैकुण्ठपुर निवासी 22 वर्षीय दिव्यांग अविनाश पाण्डेय दूसरे के सहारे जनदर्शन में ट्रायसायकल की मांग हेतु आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने उनके आवेदन पर शीघ्र ही कार्यवाही करते हुए उन्हें नया ट्रायसायकिल प्रदाय किया। उन्होंने बताया कि वह मोबाईल रिपेयरिंग का काम करते है। जिसकी वजह से उन्हें कई बार मार्के ट सामान लेने जाना पड़ता है। उनके पास एक ट्रायसायकिल तो है, लेकिन वह काफी पुराना होने की वजह से चलाने में दिक्कत हो रही थी।



जिसके कारण उन्हें कही आने-जाने में समस्या होती थी और उन्हें हर वक्त दूसरे के सहारे जाना पड़ता था। आज वे पहली बार जनदर्शन में आवेदन लेकर आये थे और उन्हें जनदर्शन में ट्रायसायकिल का सहारा मिल गया। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कलेक्टर को अपना धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुंजारा निवासी रमिला पैंकरा के आवेदन पर कलेक्टर श्रीमती साहू ने उन्हें मौके पर अन्त्योदय अन्न योजना/ विशेष कमजोर समूह का राशन कार्ड प्रदाय किया। वार्ड नंबर 14 खरसिया निवासी सुभाष अग्रवाल जो कि कम सुनते है, वे भी जनदर्शन में आये थे। कलेक्टर श्रीमती साहू ने मौके पर ही उन्हें एक सेट श्रवण यंत्र प्रदाय किया।

रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में आज दोपहर कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन हुआ। जनदर्शन में आवेदक अपनी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर श्रीमती साहू ने सभी आवेदनों को देखा और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम श्री संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े एवं श्री राजीव पाण्डेय सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनदर्शन में आज ग्राम पंचायत कोतमरा, जनपद पंचायत पुसौर के सरपंच अमीन कुमार पटेल सूपा से कुसमुरा रोड निर्माण में ग्राम पंचायत कोतमरा के बोर (ट्यूबेल)विस्थापन की राशि पीएचई विभाग द्वारा प्रदान में विलंब हेतु निराकरण के संबंध आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर श्रीमती साहू ने जनपद सीईओ को उनके आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम रूचिदा के ग्रामीण नल-जल योजना के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि उनके मोहल्ले में एक बोरबेल तो है लेकिन वह बिगड़ गया है, जिसकी वजह से उन्हें पीने के पानी के लिए समस्या हो रही है। उन्होंने बताया कि उसी गांव में अन्य जगह नल-जल योजना की पाईप बिछी हुई है। कलेक्टर श्रीमती साहू ने पीएचई विभाग को आवेदन पर कार्यवाही के निर्देश दिए है। ग्राम कोतरा बरभांठा की राजेश्वरी महंत मुआवजा राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि रोड चौड़ीकरण में उनका मकान टूट गया है, शासन द्वारा उन्हें इसके लिए मुआवजा राशि दिया जाना था। लेकिन आज पर्यन्त तक उन्हें मुआवजा राशि नहीं मिला है। साथ ही पति के देहांत हो जाने से उन्हें अपने जीवन-यापन के लिए बहुत दिक्कतें हो रही है। कलेक्टर श्रीमती साहू ने अपर कलेक्टर को शीघ्र स्थल जांच मुआयना कराते हुए उन्हें मुआवजा राशि प्रदाय करने के निर्देश दिए। इसी तरह अन्य लोग राशन कार्ड, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन सहित अन्य मांगों एवं समस्याओं लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे।

# माकड़ी क्षेत्र के इंगरा पुलिया निर्माण से बड़ी आबादी को मिली सुगम आवागमन की सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोण्डागांव।** जिले के माकड़ी ब्लॉक अंतर्गत इंगरा में पुलिया मरम्मत पूर्ण होने से इस ईलाके के एक बड़ी आबादी को सुगम आवागमन की सुविधा मिल रही है। अब इस क्षेत्र के लोगों को तहसील मुख्यालय माकड़ी तक आने-जाने में काफी सहूलियत हो रही है। फरसगांव-रांधना-माकड़ी से एरला मार्ग पर इंगरा जिर्रापारा के समीप स्थित पाईप पुलिया जो 2005-06 में निर्मित था, इस वर्ष बारिश के दौरान लगातार अत्याधिक वर्षा के कारण यह पुलिया क्षतिग्रस्त हो गया था। इसे मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर श्री दीपक सोनी द्वारा उक्त क्षेत्र में सुगम आवागमन सुनिश्चित करने हेतु तत्काल इस क्षतिग्रस्त पुलिया का मरम्मत किये जाने निर्देश दिये गये। इस पर उक्त पुलिया मरम्मत कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा 20 लाख रूपए की स्वीकृति दी गयी और बारिश के बाद पुलिया मरम्मत कार्य शुरू करने सहित तेजी के साथ संचालित किया गया। वहीं पुलिया मरम्मत कार्य को तकनीकी मापदण्डों एवं गुणवत्ता के अनुरूप सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से मॉनिटरिंग किया गया। जिसके फलस्वरूप अब फरसगांव-रांधना-माकड़ी से एरला मुख्य मार्ग के उक्त इंगरा पुलिया मरम्मत कार्य को पूर्ण कर लिया गया है और क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन सुविधा मिलने पर ईलाके के लोगों में हर्ष व्याप्त है। उक्त इंगरा पुलिया मरम्मत कार्य की देखरेख करने वाले उप अभियंता आलोक ध्रुव बताते हैं कि माकड़ी तहसील मुख्यालय से पीढ़ापाल, उड़ीदगांव, इंगरा, हीरापुर, एरला ईत्यादि ग्रामों को सीधे जोड़ने वाली इस मुख्य सड़क में इंगरा पुलिया मरम्मत पूर्ण करने सहित पुलिया के समीप 50 मीटर सड़क का पेंच रिपेयर भी किया गया है। इसके साथ उक्त मुख्य सड़क के समुचित संधारण के लिए पेंच रिनीवल का प्रस्ताव स्वीकृति हेतु भेजा गया है।

### मार्कशीट गुमा

मैं K BHAVESH KUMAR, S/O K GANPATI SATYA RAO, उम्र 23 वर्ष, पता-14 डी, क्रास सड़क 01, सेक्टर 1, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) में रहता हूं। मैंने Gurukul Kangri (Deemed to be University), Haridwar (Uttarakhand), India - Faculty of Engg. And Technology से बी.टेक की परीक्षा उत्तीर्ण किया है। मेरे द्वारा उत्तीर्ण किये गये बी.टेक के VI Sem की अंकसूची असावधानीवश कहीं गुम हो गई है, जो कि काफी खोजबीन करने के पश्चात भी मुझे प्राप्त नही हुई है एवं ना ही भविष्य में प्राप्त होने की उम्मीद है। मैं उक्त अंकसूची की द्वितीय प्रति जारी कराना चाहता हूँ। उपरोक्त कथन सत्यापन के समर्थन में शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
K BHAVESH KUMAR






















# मेले से लौट रहे बाइक सवार दो भाइयों को बस ने मारी टक्कर, दोनों की मौत




**धमतरी (ए)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में हुए सड़क हादसे में 2 सगे भाइयों की मौत हो गई है। दोनो मड़ई मेले में शामिल होने के लिए गए थे। इसी दौरान लौटने के वक्त ये हादसा हो गया है। बस ने दोनों बाइक सवार को टक्कर मार दी है। जिसके चलते मौके पर ही एक की मौत हो गई थी। वही दूसरा शख्स गंभीर रूप से घायल हुआ था। बाद में इलाज के दौरान भी उसकी भी मौत हो गई है। हादसा बिरेझर चौकी क्षेत्र में हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, अभनपुर के रहने वाले खेमराज कोसले (23) और उसका छोटा भाई जसवंत कोसले (22) रविवार को धमतरी जिले के सांकरा में मड़ई मेले में शामिल होने आए थे। यहीं से वे दोनों राक ते वक्त लौट रहे थे। तभी ये हादसा हो गया है। बताया गया कि दोनों रात को करीब 11 बजे के आस-पास रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे में कोड़ेबोड़ के पास पहुंचे थे। उसी दौरान सामने से एक बस आ रही थी। जिसने दोनों भाइयों की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर ही खेमराज की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं जसवंत कोसले घायल हुआ था।

घटना के बाद आरोपी बस ड्राइवर गाड़ी छोड़कर ही भाग निकला। उधर आस-पास के लोगों की मदद से जसवंत को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। घटना की सूचना तुरंत ही पुलिस और परिजनों को दी गई थी। इसके बाद मंगलवार को दोनों के शवों का पोस्टमार्टम किया गया है। फिलहाल मामले में जांच जारी है। पूरे घटनाक्रम की जानकारी मंगलवार शाम को सामने आई है।

# गैराज में खड़ी 5 कारों में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने पाया काबू

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** नेहरू नगर में ओवर ब्रिज के नीचे स्थित गैराज में खड़ी 5 कारों में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। दमकलकर्मियों ने आग को नेहरू नगर अंडर ब्रिज की छत तक पहुंचने से रोका। आग से किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग के नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार तड़के लगभग सवा 4 बजे सूचना मिली कि थाना भिलाई नगर के अंतर्गत सेक्टर 7 गैरेज रोड नेहरू नगर ओवरब्रिज के पास रखी 5 कारों में अचानक आग लग गई है। खबर मिलने पर दमकलकर्मियों ने आग पर काबू तो पा लिया, लेकिन तब तक गाड़ियां पूरी तरह से जलकर खाक हो गईं।

इससे पहले भी इस क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिसके कारण नेहरू नगर क्रॉसिंग पर बने अंडर ब्रिज की छत की शीट भी जल चुकी थी, लेकिन इस बार अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा कर्मियों के द्वारा तत्काल पहुंचकर वाहनों में लगी आग को अंडर ब्रिज के शेड तक पहुंचने से रोक लिया गया।

## खास खबर

### पैसों के लिए कारोबारी को मार डाला: महिला ने तीन लोगों के साथ मिलकर दबाया गला

**जगदलपुर (ए)।** जगदलपुर में 64 साल के कारोबारी की गला दबाकर हत्या कर दी गई। रुपए के लालच में इस वारदात को कारोबारी के महिला दोस्त ने अपने 2 अन्य साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि, तीनों लग्जरी कार में सवार होकर कारोबारी के घर पहुंचे थे। पहले उसे शराब पिलाई, फिर गला दबाकर मार डाला। मामले के 3 दिन बाद बस्तर पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, शहर के कुम्हाररास के रहने वाले घेवरचंद खत्री (64) की उसके घर में लाश मिली थी। पुलिस ने मामले की जांच की और CCTV फुटेज खंगाला तो उसमें देखा गया कि एक महिला घर के अंदर जा रही है। जिसके कुछ देर बाद कैमरा ऑफ हो गया। पुलिस ने आस-पास के जिले के थानों में महिला के बारे में पता लगाया। कुछ लोगों से महिला के बारे में पूछताछ की तो पता चला कि, उसका नाम साधना मंडल है जो कांकेर की रहने वाली है। रायपुर से पुलिस ने महिला को पकड़ लिया है। महिला ने पुलिस के सामने हत्या का सारा राज खोल दिया। उसने पुलिस को बताया कि, घेवरचंद खत्री को पिछले 6 महीने से जानती है। लगातार उसके घर आना-जाना लगा रहता था। पैसों की लेनदेन होती रहती थी। महिला का एक दोस्त शाहरुख खान को इसके बारे में पता था। वो उससे घेवरचंद से पैसे मांगने कहता था। कुछ दिन पहले पैसों को लेकर महिला और घेवरचंद के बीच थोड़ा विवाद हो गया था।

### जमीन के लालच में कुल्हाड़ी से काटकर नाना की हत्या

# विवाद में दो युवकों ने पहले झगड़ा किया फिर कमरे में घुसकर कर दिया हमला

**रायगढ़ (ए)।** रायगढ़ जिले में 2 युवकों ने मिलकर अपने ही नाना की हत्या कर दी। पूरा मामला मकान विवाद से जुड़ा है। जिसके बाद पहले दोनों ने मिलकर झगड़ा किया। फिर कमरे में घुसकर कुल्हाड़ी मारकर बुजुर्ग की हत्या कर दी है। मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है। सोंडका निवासी गेंदलाल डनसेना(65) पिछले 20 सालों से अपने परिवार के साथ खरसिया में रहता था। वहीं उसकी पुश्तैनी जमीन की देखरेख उसका छोटा भाई राधे लाल डनसेना करता था। राधेलाल गांव में ही अपने परिवार के साथ रहता है। इस बीच कुछ साल पहले गेंदलाल की बहन ननकी बाई अपने पति को छोड़कर मायके आ गई थी।

बताया गया जिस वक्त वह मायके आई, उसके साथ उसके 2 नाती ओमप्रकाश डनसेना (24) और कार्तिक डनेसना (19) भी आए थे। ये देखकर गेंदलाल ने उन्हें गांव के ही घर में एक कमरा रहने के लिए दे दिया था। इसके बाद से ननकी बाई अपने दोनों नाती के साथ यहां रहती थी। उसकी बेटी किसी दूसरे इलाके में रहती है। ओमप्रकाश और कार्तिक खेती-किसानी का काम करते थे।

#### पीएम आवास के पैसे से बनवा रहे थे मकान

जानकारी के मुताबिक, कुछ समय पहले ननकी बाई का प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा आया था। उसी पैसे से उसके नाती सोंडका में ही घर बनवा रहे थे। उधर, इस बात की जानकारी जब गेंदलाल को लगी तो वह कुछ दिन पहले गांव आया और उसने इस पर आपत्ति जताई। कहा कि मैंने ये कमरा अपनी बहन को रहने के लिए दिया था। यहां मकान आगे मत बढ़ाओ। इसके अलावा उसने अपनी बहन के नातियों को ये भी कहा कि तुम लोग अपना देख लो।



#### भाई के घर घुसकर की तोड़फोड़

गेंदलाल के आपत्ति के बाद से उसके दोनों नाती नाराज थे। उनका कहना था कि हम लोगों ने यहां पैसा खर्चा किया है, अब हमें घर बनाने से रोका जा रहा है। इतने दिन से थे तो कोई आपत्ति नहीं थी। इसके बाद दोनों आरोपी रविवार को गेंदलाल के छोटेभाई राधेलाल के घर गए। वहां उन्होंने राधेलाल की पत्नी जगदम्बा के साथ मारपीट की। घर में भी तोड़फोड़ की थी। इस घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए थे।

#### पारिवारिक बैठक के दौरान विवाद

वहीं जगदम्बा ने पूरे मामले को लेकर खरसिया थाना में भी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। लेकिन आरोपियों को रविवार को कुछ पता नहीं चल सका था। इसके बाद गेंदलाल ने सोमवार को एक पारिवारिक बैठक बुलाई थी। जिसमें उसने अपने नातियों को भी बुलाया था। बस इसी बैठक में शामिल होने सोमवार की दोपहर दोनों नाती गांव वापस आ गए थे। दोपहर के वक्त यह बैठक चल रही थी। तभी फिर से इस बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद ओमप्रकाश और कार्तिक ने लाठी और कुल्हाड़ी उठाया और अपने नाना को दौड़ाने लगे।

# कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

(संपत्तिकर विभाग)

क्रमांक/दो/सं.वि./2022/3838/390 — भिलाई, दिनांक 26/12/2022

// नामांतरण सूचना //

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले समस्त हितग्राहियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित हस्तान्तरिती के नाम से हस्तांतरण करने मे यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तातरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री नामदेव साहबानी आ0 स्व0 तेजूमल साहबानी निः– वासुदेव भवन, वार्ड 24 आमदी मंदिर सिंधी कॉलोनी दुर्ग | श्रीमती इसरत जहा पति श्री मोहम्मद इमरान निः– ब्लॉक डी, दक्षिण गंगोत्री संजय नगर भिलाई | बिक्रीनामा | उत्तर गंगोत्री व्या0 यो0 ब्लॉक क्र बी–01 भूखण्ड क्र 02 आकार 18 व0मी0 |
| 2 | श्री रोहित कुमार आ0 नीलकंठ की ओर से आ0मु0 श्री दिनेश पर्वत आ0 श्री राज बिन्दु पर्वत निः– लक्ष्मी नगर सब्जी मण्डी सुपेला | श्री मधुसुदन सोनी आ0 श्री गणेश सोनी निः– लक्ष्मो नगर सब्जी मण्डी सुपेला | बिक्रीनामा | लक्ष्मी नगर सब्जी मण्डी सुपेला व्या0 यो0 ब्लॉक क्र बी–09 भूखण्ड क्र 17 आकार 64 व0फु0 |
| 3 | स्व0 इस्माईल सौदागर आ0 स्व0 वजीर सौदागर निः:–17/03 राधिका नगर | श्रीमती मुमताज बेगम सौदागर पति स्व0 इस्माईल सौदागर निः– 17/03 राधिका नगर | वारिसान हक | राधिका नगर आ0 यो0 ब्लॉक क्र 17 भूखण्ड क्र 03 आकार 78.75 व0मी0 |
| 4 | श्री जे0सी0 राय ( जगदीश चंद राय) आ0 स्व0 जे0एम0 राय (जतेन्द्र मोहन राय) निः– 45ए/12 ने0न0प0 | श्री पीयुष मिश्रा आ0 श्री डी0सी0 मिश्रा निः– तालपुरी | बिक्रीनामा | मो0ने0न0प0 ब्लॉक क्र 45ए भूखण्ड क्र 12 आकार 216 व0मी0 |
| 5 | स्व0 संजीव गर्ग आ0 स्व0 डी0के0 गर्ग निः– 18/13, ने0न0प0 | श्रीमती रजनी गर्ग पति स्व0 संजीव गर्ग निः–18/13, ने0न0प0 | वारिसान हक | मो0ने0न0प0 ब्लॉक क्र 01 भूखण्ड क्र 01 आकार 540 व0मी0 |
| 6 | श्री राजेश बहादुर माथुर आ0 स्व0 एन0बी0 लाल निः– पद्नाभपुर दुर्ग | श्री विमलेश बहादुर माथुर आ0 स्व0 एन0बी0 लाल निः– पद्नाभपुर दुर्ग | दानपत्र | प्रिय0 परि0 प0 ब्लॉक क्र 10 भू0 क्र 01 आकार 330 व0मी0 |
| 7 | स्व0 जुबेर अहमद आ0 स्व0 नूर मोहम्मद निः– लक्ष्मी नगर | 1. श्रीमती नादिरा बेगम पति स्व0 जुबेर अहमद 2. श्री शहजादा जुबैर चौधरी आ0 स्व0 जुबेर अहमद 3. रश्मि चौधरी आ0 स्व0 जुबेर अहमद 4. चौधरी जेबागेसु आ0 स्व0 जुबेर अहमद निः– लक्ष्मी नगर सुपेला | वारिसान हक | लक्ष्मी नगर सुपेला आकार 1081 व0फु0 |
| 8 | श्री कमल कुमार अग्रवाल आ0 स्व0 परमेश्वर लाल अग्रवाल निः– जवाहर मार्केट के0 02 | श्री कमलेश सोनी आ0 स्व0 शंकर लाल सोनी निः– वैशाली नगर भिलाई | बिक्रीनामा | जवाहर मार्केट केम्प 02 व्यवस्थापन एच0 आर0 51 आकार 400 व0फु0 |
| 9 | श्री मनहरण लाल निर्मलकर आ0 श्री झुमुक लाल निर्मलकर निः– रामनगर सुपेला | श्री तुलसी दास मनघटे आ0 श्री रामजी मनघटे निः– गौतम नगर सुपेला | बिक्रीनामा | लक्ष्मी नगर सब्जी मण्डी सुपेला व्या0 यो0 ब्लॉक क्र 04 भूखण्ड क्र 10 आकार 64 व.फु. |
| 10 | श्रीमती आनेश्वरी देवी पति श्री मोहनलाल की ओर से आ0मु0 अनिल कुमार सोनी आ0 श्री सर्वदेव सोनी निः– राजीव नगर सुपेला | श्री रवि कुमार चौहान आ0 श्री महेन्द्र चौहान निः– इंदिरा नगर सुपेला | बिक्रीनामा | लक्ष्मी नगर सब्जी मण्डी सुपेला व्या0 यो0 ब्लॉक क्र सी–02 भूखण्ड क्र 14 आकार 19.5 व0मी0 |
| 11 | श्री सुरेश नायक आ0 स्व0 रामवृक्षनायक की ओर से आ0मु0 मुन्ना नायक निः– से0 05, भिलाई | श्रीमती पुजा साव पति श्री उमेश साव निः– शास्त्री नगर, भिलाई | बिक्रीनामा | लक्ष्मी नगर सब्जी मण्डी सुपेला व्या0 यो0 ब्लॉक क्र सी भूखण्ड क्र 09 आकार 19.5 व0मी0 |

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई

# खुर्सीपार के राम दरबार में चोरी, दानपेटी तोड़कर रकम ले भागे बदमाश

श्रीकंचनपथ न्यूज




सुभाष मार्केट खुर्सीपार स्थित रामदरबार में चोरी हो गई।

**भिलाई।** खुर्सीपार सुभाष मार्केट स्थित राम दरबार में बीती रात चोरी हो गई। अज्ञात बदमाशों ने दानपेटी तोड़कर उसमें रखी दक्षिणा की राशि चुरा ले गए। बुधवार सुबह जब मंदिर के पट खोले गए तो पुजारी ने दानपेटी का ताला टूटा देखा और उसमें से दक्षिणा की सारी राशि गायब मिली। इस मामले में पुजारी ने खुर्सीपार थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार रात को पुजारी प्रतीक पाठक ने मंदिर के पट बंद किए थे। इसके बाद बुधवार सुबह जब पुजारी पहुंचा तो मंदिर खुला हुआ था और दानपेटी का ताला टूटा हुआ था। मंदिर के पुजारी प्रतीक पाठक ने बताया कि दान पेटी लगभग साल भर से नहीं खुली थी। जो भी पूजा करने आता वह कुछ न कुछ दक्षिणा जरूर डालता। दानपेटी में लगभग 12 से 15 हजार रुपए की राशि होने का अनुमान है। फिलहाल इस मामले में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### रघु ठाकुर का छग प्रवास 30 से

**भिलाई।** लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पंडा ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक रघु ठाकुर 30 दिसंबर से 2 जनवरी तक छत्तीसगढ प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। ठाकुर रायपुर, धमतरी और दुर्ग जिले के कई स्थानों पर स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस दौरान उनके साथ राष्ट्रीय सचिव एम चन्द्रशेखर रेडड़ी एवं प्रदेश महासचिव श्याम मनोहर सिंह भी ठाकुर के साथ रहेंगे।

### प्रभा को पीएचडी की उपाधि

**दुर्ग।** केलाबाड़ी निवासी कु. प्रभा यादव को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा अर्थशास्त्र विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई हैं। उन्हें यह उपाधि उनके शोध विषय आधुनिक कृषि तकनीकी का कृषि उत्पादन पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण: कांकेर जिले के विशेष संदर्भ में दिया गया हैं। उन्होंने अपना शोध कार्य डा. राधा बाई शासकीय महाविद्यालय रायपुर के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डा. विनोद कुमार जोशी के मार्गदर्शन में पूरा किया। कु. प्रभा स्व. छबिलाल व स्व. श्रीमती रामबाई यादव की सुपुत्री हैं। उन्होंने इस उपाधि का श्रेय अपने गुरूजनों व परिवार के सदस्यों को दिया हैं।

### फुंडा की सीमा यादव ने टॉयलेट क्लीनर बेचकर कमाये 34 हजार रुपए

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की योजनाएं जीवन के हर क्षेत्र में हितग्राहियों को लाभान्वित कर रही हैं। फुंडा निवासी सीमा यादव को लें। गौठान के साथ जुड़कर उन्होंने आजीविकामूलक गतिविधि आरंभ की। उन्होंने गोबर बेचना आरंभ किया। इसके बाद जिला पंचायत के अधिकारियों ने उन्हें कहा कि इसके साथ ही अन्य आजीविकामूलक गतिविधि करें ताकि आय और बढ़ सके। इसके बाद उन्होंने टॉयलेट क्लीनर, फिनाइल आदि बेचना आरंभ किया। इससे उन्हें इस साल 34 हजार रुपए की आय हुई है। सीमा बताती हैं कि अच्छा लगता है जब पति का हाथ बंटाती हूँ। अपने बच्चों के भविष्य को लेकर भी सीमा आश्वस्त हैं। उनकी बिटिया खुशी स्वामी आत्मानंद स्कूल बोरी में पढ़ती है। सीमा बताती हैं कि यहां बढ़िया पढ़ाई हो रही है। बिटिया जब अंग्रेजी में कुछ शब्द कहती है तो अच्छा लगता है। अभी के समय के लिए अंग्रेजी बहुत जरूरी है।

### शपथ फाउंडेशन ने किया ट्राई साइकिल का वितरण


**भिलाई।** शपथ फाउंडेशन भिलाई हर साल की तरह इस साल भी 3 दिसंबर से आरंभ होने वाले विश्व दिव्यांगता दिवस को मना कर आरंभ करते हुए लगातार इसी तारतम्य में दिव्यांगजन सशक्तिकरण सप्ताह एवं माह मना रहा है । नर्मदा साहू सेक्टर 11 को ट्राई साइकिल उपहार स्वरूप प्रदान किया गया जिसकी उन्हें कई दिनों से जरूरत थी , उन्हें सदस्यों द्वारा समय-समय पर इस संबंध में किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ने वाली सहायता हेतु भी दिलासा दिया गया। ज्ञात हो की शपथ फाउंडेशन द्वारा लगातार दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर ट्राई साइकिल एवं जरूरतमंदों के अनुसार अन्य सामग्री देकर समय-समय पर यथासंभव सहायता प्रदान की जाती है शपथ फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक गुप्ता जी ने कहा की दिव्यांगों के लिए एवं जरूरतमंदों के लिए ऐसे अनुकरणीय कार्य भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे आज के इस अनुकरणीय कार्य में सहभागिता हेतु शपथ फाउंडेशन के वरिष्ठ संरक्षक वीरेंद्र सतपति अनिल शुक्ला जितेंद्र हासवानी एवं सम्माननीय सदस्यगण उपस्थित थे।

# अब गंदगी फैलाते पकड़े गए तो वसूला जाएगा जुर्माना

## भिलाई निगम की टीम ने गंदगी फैलाने वाले 22 लोगों पर लगाया 30 हजार का जुर्माना

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने लगातार कार्य किए जा रहे है, निगम क्षेत्र में बेतरतीब तरीक से कचरा फैलाने, डस्टबिन नहीं रखने, प्रतिबंधित प्लास्टिक के विक्रय एवं उपयोग करने वालों के विरूद्ध निगम प्रशासन अब सख्त कार्रवाई कर रहा है, कहीं भी ऐसे कृत्य करने वाले पकड़ने जाने पर सीधे जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की जा रही है।



भिलाई शहर साफ सुथरा रहे इसके लिए निगम प्रशासन नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने कचरे को निर्धारित स्थान पर डालने लगातार अपील व जागरूक कर रहे है बावजूद कुछ लोग नहीं मान रहे।

कहीं भी कचरा फेंकने सीएनडी वेस्ट या बिल्डिंग मटेरियल डालकर सड़क बाधा की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है। आज वैशालीनगर और मदरटेरेसा नगर जोन के स्वास्थ्य विभाग टीम ने जोन क्षेत्र का निरीक्षण और गंदगी फैलाने वाले 22 लोगों से 30500 रूपए का जुर्माना वसूलने की कार्यवाही किए।

भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गंदगी फैलाने वाले, घर के आस पास वेस्ट मटेरियल, सार्वजनिक स्थानों में गंदगी फैलाने और सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल या अन्य तरह से सड़क बाधा करते हुए पाए जाने पर सामान जप्ती करने के साथ ही जुर्माना वसूलने की कार्यवाही करे। आयुक्त के निर्देश पर जोन आयुक्त अपने जोन क्षेत्र का निरीक्षण कर कार्यवाही कर रहे है। इसी क्रम में आज वृन्दानगर में टीने का व्यवसाय करने वाले 2 व्यवसायियों के यहां गंदगी पाए जाने पर 5-5 हजार रूपए तथा वार्ड 29 में ही बोरे का व्यवसाय करने वाले के यहां बेतरतीब तरीके गंदगी फैले पाए जाने पर 2 हजार जुर्माना वसूला गया।

### इन पर लगा जुर्माना

निगम के जोन 02 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निरिक्षण के दौरान गंदगी फैलाते हुए पाए जाने पर उत्तम पाण्डे से 7500रू, सपना जैने से 1000रू, कमलेश किराना स्टोर्स से 2000रू, सोनी किराना से 2000रू, नियाज अहमद से 5000रू, अनवर अली से 5000रू, चौहान सिलाई केन्द्र से 2000रू, इसी प्रकार जोन 03 क्षेत्र में नसीब से 200रू, अशीक से 200रू, साहिल से 200रू, इमरान खान से 200रू, छ.ग. ब्रायलर से 200रू, नागराज से 100रू, नास्ता सेंटर से 100रू, बीरू सोनकर से 100रू, बाबूलाल से 1000रू, भिलाई फास्ट फूड से 200रू, नाली पर अवैध कब्जा करने वाले खण्डे होटल से 500रू, हीरो होटल से 200रू, सांई नमकीन से 500रू, बिना लाईसेंस के दुकान संचालित करने वाले सेफ सांईप्रेस से 2000रू, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करते हुए पाए जाने पर फल दुकान से 100रू जुर्माना वसूला गया।

नहीं लगाया कोविड का टीका उनके लिए अच्छा अवसर

## भिलाई निगम क्षेत्र के 41 स्थानों पर छुटे हुए लोगों को लगेगा टीका

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए वैक्सीन लगाना बहुत जरूरी है, हर व्यक्ति को वैक्सीन लगाना अत्यंक आवश्यक है, इसी को दृष्टिगत रखते हुए भिलाई निगम क्षेत्र कोविड टीकाकरण के लिए केन्द्र बनाए गए है जहां पर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शहर के नागरिक जाकर वैक्सीन का टीका लगा सकते है। जिन्होंने अब तक पहले दूसरे और प्रिकाशन डोज का टीका किसी कारण नहीं लगा पाये थे उन्हें अवसर प्रशासन की ओर पहल करते हुए पुन: टीकाकरण केन्द्र शुरू किए गए है, जिससे शत प्रतिशत टीकाकरण हो सके और हम सभी कोरोना को हराने में अपनी सहभागिता प्रदान कर स्वयं व परिवार को संक्रमण के खतरे से सुरक्षित कर सके।

नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को वैक्सीन का टीका लग जाए इसके लिए निगम के सभी जोन क्षेत्र में टीकाकरण केन्द्र बनाए गए है। शास्त्री अस्पताल सुपेला, सेक्टर 07, आंगन बाड़ी केन्द्र कुरूद, राधाकृष्ण मंदिर स्मृति नगर, दुर्गा पारा सुपेला, न्यू कृष्णा नगर, इस्लाम नगर सुपेला, दुर्गा मंदिर राधिका नगर, लक्ष्मी नगर आंगन बाड़ी, चिंगरी पारा, महिला भवन पुरानी बस्ती स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र अम्बेडकर नगर, राम जानकी मंदिर राजीव नगर, अटल आवास रामनगर, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र प्रेम नगर, आंध्रा स्कूल वृन्दा नगर, नेहरू चौंक आंगन बाड़ी प्रगति नगर, शिव मंदिर आदर्श नगर, कैंची घाट मोहल्ला आंगन बाड़ी संतोषी पारा, इसी प्रकार खुर्सीपार क्षेत्र में बाबा बालकनाथ मंदिर, शिवालय परिसर, बालाजी नगर, गणेश मंदिर, शिवाजी नगर, फौजी नगर वार्ड 24 हा.बोर्ड, संतोषी पारा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वैशालीनगर, जागीर चौंक खुर्सीपार, दुर्गा मंच गुरूजी केहार पारा, भारत माता चौंक खुर्सीपार, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र शारदा पारा, मंगल बाजार आंगन बाड़ी छावनी, श्याम नगर आंगन बाड़ी, एबीसीडी ब्लॉक आंगनबाड़ी घॉसीदास नगर, आसादीप कालोनी आंगनबाड़ी शारदा पारा, रविदास भवन रविदास नगर, समता चौंक आंगनबाड़ी घॉसीदास नगर में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक पहुंचकर कोविड का टीका लगा सकते है।

कोरोना संक्रमण की चौथी लहर से लड़ने दुर्ग तैयार

## मॉकड्रिल में परखे गए जीवन रक्षक - वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। चीन में बीएफ-7 वेरिएंट कोरोना के बढ़ते प्रकोप से भारत में भी कोरोना के खतरे से निजात पाने के लिए जिला अस्पताल में भी मॉकड्रिल किया गया। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन ने ऑक्सीजन प्लांट, ऑक्सीजन पाइपलाइन के साथ ही वेंटिलेटर और कोविड़ संेटरों की जांच की गई ।



जिला चिकत्सालय पहुंचे शहर विधायक अरूण वोरा ने स्वास्थ अमले से चर्चा के दौरान आपात स्तिथि में मरीजों को हॉस्पिटल में भर्ती व तत्काल एम्बुलेंस की सुविधा एवं ऑक्सीजन उपलब्ध कराने को पहली प्राथमिकता के साथ कार्य करने व वेंटिलेटर, मल्टी पेरामोनिटर व जीवन रक्षक उपकरणों की तैयारी के साथ ही वैक्सीनेशन सेंटरों को अलर्ट मोड में रहने को कहा व पटरी पार के प्राथमिक स्वास्थ केंद्र को जल्द प्रारंभ करे व संक्रमण से निपटने के लिए स्वास्थ ढांचे की सतर्कता को आवश्यक बताया । इस दौरान मुख्य चिकत्सक ने बताया कि जिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन की पूर्ति हेतु प्लांट सही कार्य कर रहे है, कोरमा का प्रकोप बढ़ा तो जनता के सहयोग से इस बार भी 4 लहर से जंग जीतने में दुर्ग कामयाब होगा। कोरोना के बचाव मे मॉकड्रिल के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी वाई के शर्मा, डॉ. आरके खंडेलवाल, एल्डरमैन राजेश शर्मा मौजूद थे।

नेहरू नगर में श्री राम कथा का चौथा दिन

## भरत के समान रामजी को संसार में प्रिय और कोई नहीं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शिवानंद योग निकेतन नेहरू नगर भिलाई के तत्वावधान में जारी रामकथा के चौथे दिन मंगलवार 27 दिसंबर को कथा व्यास नित्य सत्संग मंडल दमोह के पंडित नीलमणि दीक्षित ने मानस प्रसंग में भरत का राम के प्रति प्रेम, भक्ति, समर्पण और उनकी निष्ठा तथा राम जी का भरत के प्रति स्नेह का अद्भुत वर्णन किया।



पंडित दीक्षित ने अपने सुमधुर कंठ से भरत चरित्र का पूर्ण व्याख्यान जीवंत रूप में किया, जिससे उपस्थित दर्शकों को लगा मानों मंच पर यह दृश्य साकार हो रहा है। नेहरू नगर कृष्णा पब्लिक स्कूल के सभागार में जारी अपने व्याख्यान में उन्होंने संत के सामर्थ्य के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि एक संत में जितना सामर्थ्य होता है वह ज्ञान और विज्ञान में नहीं पाया जा सकता।

जैसे भारद्वाज ऋषि ने पूरी अवधपुरी की सेना, प्रजा, हाथी व घोड़े का ऐसा सुख और वैभव क्षण भर में ही तैयार कर दिया, जिसके वैभव को देखकर इंद्र की नगरी भी मामूली जान पड़ती है।

मानस की पंक्तियों को सुनाते हुए जब पंडित दीक्षित कहते हैं- ''सुनहु भरत हम झूठ न कहहिं,उदासीन तापस वन रहही,सब साधन कर सुफल सुहावा, राम लखन सिय दर्शन पावा'' अर्थात सारे संसार के सारे साधन सफल तभी माने जाएंगे जब इन साधनों का अंतिम परिणाम राम,लखन व सीता जी की प्राप्ति से हो और राम लक्ष्मण जानकी के दर्शन का फल तभी प्राप्त हो पाता है जब भरत के दर्शन प्राप्त हो जाएं।

भारद्वाज ऋषि कहते हैं -हे भरत आप प्रेम की साक्षात मूर्ति हैं। तीर्थराज प्रयाग और हम सभी का सौभाग्य है जो आप के दर्शन हो गए,भरत सरिस को राम सनेही जगु जप राम रामु जप जेही। अर्थात भरत के समान रामजी को प्रिय संसार में और कोई नहीं है जिसका जाप राम जी सदैव करते रहते हैं। उल्लेखनीय है कि कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर भिलाई में इस बार 7 दिवसीय रामकथा का आयोजन 24 दिसंबर से 30 दिसंबर तक रोजाना अपराह्न 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक किया जा रहा है।

## चेम्बर गौरव दिवस पर सदस्यता के नायकों का किया गया सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** चेम्बर गौरव दिवस पर सदस्यता के नायकों का सम्मान किया गया। ये वो नायक है जिनकी वजह से यह उत्सव मनाया गया।क्योंकि चेम्बर गौरव दिवस भिलाई में 3000 सदस्यों के पूर्ण होने पर उत्सव मनाया गया। सदस्यता के मुख्य नायक सुनील मिश्रा, सुधाकर शुक्ला,हरीश शर्मा,शिवराज शर्मा ,संतोष गेहानी,मनोहर कृष्णानी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने जानकारी दी कि असल मे चेम्बर गौरव दिवस के नायक ये ही है जिनकी वजह से यह उत्सव मनाया गया। हमारी इस टीम में जो जुनून है जो उत्साह है ये उसका ही परिणाम है कि समय के पूर्व लक्ष्य को प्राप्त कर भिलाई को रायपुर के बाद सबसे बड़ी इकाई के रूप में स्थापित किया। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने बताया कि सदस्यता के नायकों के साथ क्षेत्रीय सदस्यता के योद्धाओ का भी विशेष योगदान रहा कुम्हारी से रामाधार शर्मा व उनकी टीम ने इस क्षेत्र में नायकों को सहयोग कर लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग किया। चरोदा व भिलाई क्षेत्र से नरेंद्र मखीजा ,आशीष अग्रवाल व शमनलाल नथानी व अनिल जेठानी का सहयोग भी सराहनीय रहा। भिलाई में सेक्टर एरिया में उत्तमचन्द जैन,नरेश वासवानी व शैलेश बत्रा अहिवारा से कैलाश नाहटा व उतई से रविन्द्र वर्मा का भी विशेष सहयोग रहा है। सदस्यता अभियान प्रभारी शंकर सचदेव ने बताया कि चेम्बर योद्धाओं में महिला चेम्बर के योगदान को नजर अंदाज नही किया जा सकता। महिला चेंबर की टीम श्रीमती सरोजनी पाणिग्रही के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में सदस्य बनाने अपना योगदान देकर इस उत्सव की सफलता का कारण बने। पवन अग्रवाल, विनोद प्रसाद,अंकित बंसल, हेमंत अरोरा,सम्मन भाई,सुशील भटीजा ,नयन मोंगिया, जगवानी,राजू चावला, विजय मिश्रा,अखिलेश सिंह,कुलदीप सिंह,आशीष कुशवाहा, रोहित भसीन का सदस्यता योद्धा के रूप में सक्रिय रहे। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना शंकर सचदेव ने दी।

## सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ को हराया गुजरात ने

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ एडवोकेट क्रिकेट एसोसिएशन के संयोजकत्व में जारी 34 वीं ऑल इंडिया एडवोकेट क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को कल्याण कॉलेज सेक्टर-7 के मैदान में प्लेट हेतु सेमीफाइनल मैच छत्तीसगढ़ विरुद्ध गुजरात का रोमांचक मैच हुआ। जिसमें गुजरात ने यह मैच 6 रनों से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच भाविक शाह रहे। सुबह सेमी फाइनल मैच का शुभारंभ अंचल के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर रंजन सेन गुप्ता के हाथों हुआ। इस अवसर पर एडवोकेट शकील अहमद सिद्दीकी, संदीप सिंह, अमोद कुमार पाठक, मोनिका सिंह, अजहर अली, राजेंद्र नाथ,महेश बीसाई व पी राजेश सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ एवं गुजरात के मैच के समापन के अवसर पर ऑल इंडिया एडवोकेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट आर संथानम कृष्णन,एडवोकेट शैलेश,शकील अहमद सिद्दीकी, धनंजय सिंह व श्री चौरसिया सहित खेल प्रेमी दर्शकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सिकासा शाखा द्वारा तीन दिवसीय वार्षिक खेल एवं यूथ फेस्टिवल-एक्यम का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई सीए ब्रांच के अंतर्गत सिकासा शाखा द्वारा तीन दिवसीय वार्षिक खेल एवं यूथ फेस्टिवल -एक्यम का आयोजन सीए भवन सिविक सेंटर में किया गया। आयोजन में सीए छात्रों के लिए इंडोर गेम्स. बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही छात्रों के लिए गायन, स्टैण्ड अप कॉमेडी आदि का भी आयोजन भव्य रूप से किया गया, जिसमें बढ़-चढ़ छात्रों ने हिस्सा लिया।



सिकासा चेयरमेन सीए राहुल बत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि भिलाई ब्रांच द्वारा प्रत्येक वर्ष यह आयोजन किया जाता है, जिसे इस बार तीन दिवसीय एनुअल फ़ेस्ट के रूप में मनाया गया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में 200 से अधिक सीए छात्रों ने हिस्सा लिया एवं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन के प्रथम दिन छात्रों के लिए इंडोर गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें बैडमिंटन, टेबल टेनिस, चेस, कैरम, चाइनीज चेकर्स जैसे खेल शामिल थे। वहीं दूसरे दिन बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 14 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रत्येक वर्ष की ही तरह इस वर्ष भी जेठियास की टीम ने खिताबी जीत हासिल की। वहीं गेम चेंजर की टीम रनर अप रही। सीए श्री बत्रा ने बताया कि आयोजन के तीसरे दिन कल्चरल नाइट यूथ फेस्ट डेलिजीया 2.0 का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने डांस, सिंगिंग, स्टैण्डअप कॉमेडी में हिस्सा लिया। आयोजन में ब्रांच चेयरमेन सीए प्रदीप पाल, कोषाध्यक्ष सीए अंकेश सिन्हा, सीए प्रियेश लेखवानी, कार्यक्रम संयोजक सीए गौरव अग्रवाल, सीए राकेश ढोढी, सीए मिनेश जैन, सीए हर्ष जैन, सीए निखिल बाघमार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सिकासा चेयरमेन सीए राहुल बत्रा ने आयोजन के लिए अपनी टीम की सचिव नंदिनी कटारिया, ईशा अग्रवाल, श्रीजन साहू, सिद्धांत, पलक गर्ग एवं मौसमी और अन्य छात्रों को साधुवाद दिया।

## रक्तदान करने वालों को छत्तीसगढ़ सेवा सम्मान से सम्मानित किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** श्री सांई नाथ जन सेवा समिति भिलाई के पांचवे स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा सप्ताह के रूप में स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के शतकवीरो का छत्तीसगढ़ सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया जिसमें नवदृष्टि फाउंडेशन के राज आढ़तिया दुर्ग, एम.वासुदेव राव रायपुर, फनेन्द्र जैन राजनांदगांव, विनय नारायण पंच भाई रायपुर, मोहित अग्रवाल भिलाई सहित अन्य शतकवीरो का उनकी अर्धांगिनी के साथ भव्य सम्मान किया गया। सम्मान समरोह के दौरान नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से रितेश जैन,जितेंद्र हासवानी,विकास जायसवाल , आशीष कुमार, सूरज साहू मंच पर उपस्थित रह संस्था के राज आढ़तिया व् मोहित अग्रवाल का उत्साह वर्धन किया। सेवा सप्ताह का सातवाँ दिन आंध्रा भवन, श्री बालाजी मंदिर, सेक्टर-5 भिलाई में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें 92 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में 5 लोगों द्वारा नेत्रदान व् एक महिला, डॉक्टर प्रभा पटेरिया द्वारा देहदान की घोषणा कर वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के रितेश जैन,जितेंद्र हासवानी,विकास जायसवाल ,राज आढ़तिया,आशीष कुमार, सूरज साहू को सौंपी राज आढ़तिया ने मंच पर छोटे से वाक्यांश के द्वारा रक्तदान, नेत्रदान ,देहदान ,स्किन डोनेशन की महत्ता बताई। राज आढ़तिया के सम्मानित होने पर



जितेंद्र हासवानी ने कहा यह सम्मान हमारी संस्था के सभी सदस्यों का सम्मान है इस सम्मान से हमारे सदस्यों का मनोबल बढ़ेगा व् हम लोगों को पहले से अधिक क्षमता से नेत्रदान, देहदान व् रक्तदान हेतु जागरूक कर सकेंगे। नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार ,कुलवंत भाटिया, प्रवीण तिवारी,मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई,किरण भंडारी,चेतन जैन, दीपक बंसल,जितेंद्र कारिया, अभिजीत पारख,सपन जैन ने राज आढ़तिया व् मोहित अग्रवाल को शुभकामनाएं दी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950